कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 298, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 24 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### मेहसाणा में कांग्रेस पर बरसे मोदी, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में बिजली, पानी, शिक्षा, उद्योग क्षेत्र में हुई प्रगति का दिया हिसाब

# कांग्रेस मॉडल ने गुजरात-देश को तबाह किया: मोदी





**मेहसाणा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मेहसाणा में आयोजित विजय संकल्प सम्मेलन में कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने पिछले 20 साल में भाजपा शासन में की गई प्रगति और विकास का हिसाब जनता को दिया। उन्होंने कांग्रेस मॉडल की चर्चा कर बताया कि कांग्रेस के शासन के दौरान भाई-भतीजावाद, वंशवाद, अरबों-खरबों का भ्रष्टाचार, जातिवाद, सम्प्रदायवाद, वोट बैंक पॉलिटिक्स, सत्ता में टिके रहने के लिए लोगों को लड़ाने की राजनीति का बोलबाला था। कांग्रेस ने लोगों को पिछड़ा रखा, जिससे गरीबों को हमेशा के लिए हाथ पसारना पड़े। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इस मॉडल ने गुजरात और देश को तबाह किया, जिसके कारण देश को फिर से बनाने में बहुत संघर्ष करना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में युवाओं को खास आकर्षित करने की कोशिश की। उन्होंने युवाओं से कहा कि उन्हें 20 साल पहले के गुजरात के हालात के बारे में पता नहीं है। 20 वर्ष में पूरी पीढ़ी नई आ चुकी है। आज के युवा विकास से हुए बदलाव का प्रभाव देख रहे हैं, इन्होंने अभाव नहीं देखा। प्राकृतिक प्रकोपों और परेशानियों के बीच गुजरात को आगे बढ़ाया गया है। इनके लिए दिन-रात कठिन मजदूरी की है।

**कन्या भ्रूण हत्या रोकने पर दी बधाई:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उंझा उमियाधाम में उन्होंने वहां के अग्रणियों से कन्या भ्रूण हत्या रोकने को लेकर साफ शब्दों में समझाया था। इसका असर हुआ। इससे यह सामाजिक बुराई रुकी और कन्या-बालक अनुपात में सुधार आया। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके बाद कन्या सशक्तिकरण और पोषण पर बल दिया, जिससे बदलाव आया। युवाओं के भविष्य की चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि 20 साल में शिक्षा में काफी सुधार हुआ और सैनिक स्कूल भी इस क्षेत्र में बनाने की पहल की गई है।



**मेहसाणा में विश्व का बाजार कब्जा करने की ताकत:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेहसाणा समेत पूरे उत्तर गुजरात में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने का कारोबार तेजी से फैला है। इससे लगता है कि यह क्षेत्र इलेक्ट्रिक वाहन बनाने की दिशा में विश्व बाजार को कब्जा करने में समर्थ बनेगा। यहां बनने वाली गाड़ी जापान में बेची जा रही है। पुरातात्विक महत्व के स्थल समेत धार्मिक पर्यटन बढ़ाने पर सरकार ने ध्यान केन्द्रित किया, जिससे बदलाव आया। अंग्रेजी के समय का काम मेहसाणा, आबूरोड तरंगाहिल अंबाजी रेल लाइन काम अब जाकर शुरू कराया गया।

**पानी बिजली की समस्या से छुटकारा**

मेहसाणा का जिक्र कर मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र में 20 साल पहले पानी और बिजली की गंभीर समस्या थी। चुनाव के समय बिजली पानी की चर्चा होती थी। मेहसाणा में बिजली मांगने पर कांग्रेस ने गोलियां बरसाई थी। बिजली कनेक्शन देने में भ्रष्टाचार होता था। लेकिन, भाजपा ने पिछले 20 साल में छोटी-छोटी चीजों, समस्याओं पर ध्यान देकर पूरी स्थिति बदल दी। पहले एक दिन पानी आता था तो दिवाली जैसा लगता था। सरकार ने लोगों को इस समस्या से निजात दिलाई। सुजलाम सुफलाम योजना लागू होने के बाद समस्या जड़-मूल से उखाड़ कर फेंक दी गई। मोदी ने बताया कि बिजली समस्या निवारण के लिए राज्य में 80 हजार किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन बिछाई, 20 लाख नए पोल लगाए गए। उन्होंने कहा कि 20 साल पहले राज्य में 55 लाख बिजली कनेक्शन थे, आज 2 करोड़ हैं, वहीं खेतों में बिजली कनेक्शन 5 लाख से बढ़कर 20 लाख हो गए हैं। 55 मेगावाट उत्पादन होता था कोयला से। आज 70 हजार मेगावाट कोयला से उत्पादन होता है। अंधकार युग से प्रकाश युग में लाने के लिए यह बड़ा काम किया।

### पशु वोट नहीं देते, उनकी भी आंख-दांत तक की चिंता

मोदी ने कहा कि बिजली, पानी की सुविधा के कारण मेहसाणा समेत समस्त उत्तर गुजरात में कृषि, पशुपालन और उद्योग के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ। लोगों के घर में शुद्ध पीने का पानी मिला तो सैकड़ों किलोमीटर लंबी नहर बनाई गई, जिससे खेती में फायदा हुआ। किसान जीरा, सौंफ, इसबगोल आदि की खेती करने लगे। साल में तीन-तीन फसल उपजाई जाने लगी। मोदी ने कहा कि भाजपा लोगों के लिए काम करती है, वोट की भूखे नहीं है। पशु वोट नहीं देते, फिर भी उनकी आंख-दांत तक की सरकार ने चिंता की। पशुओं के टीकाकरण पर 14 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए।

### गुजरात सोलर रूफटॉफ में देश में नंबर वन बना

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि देश का पहला सूर्यग्राम मोढेरा के बनने से पूरी दुनिया में मोढेरा और मेहसाणा जिला चमक उठा है। यूएन के सेक्रेटरी जनरल ने सूर्यग्राम यहां आकर देखा और इसका सार्वजनिक तौर पर बखान किया। कांग्रेस शासन से तुलना करते हुए मोदी ने कहा कि 20 साल पहले सूर्य की शक्ति से जीरो उत्पादन था। आज 8000 मेगावाट सौर ऊर्जा पैदा हो रही है। इसी तरह पवन ऊर्जा जीरो से बढ़कर 10 हजार मेगावाट, पनबिजली 500 मेगावाट से बढ़कर 800 मेगावाट, गैस ऊर्जा 2000 से बढ़कर 4000 मेगावाट, कोयला से 55 मेगावाट से बढ़कर 17 हजार मेगावाट उत्पादन हो रहा है। उन्होंने बताया कि रूफटॉप सौर ऊर्जा उत्पादन में गुजरात देश में नंबर वन बना है।

## शिक्षण संस्थानों में रिक्त पदों को भरना सर्वोच्च प्राथमिकता : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि शिक्षण संस्थानों के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति करना शिक्षा मंत्रालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि 10 लाख सरकारी पदों पर नियुक्ति का काम मोदी सरकार मिशन मोड पर कर रही है। केंद्रीय मंत्री प्रधान आज दिल्ली प्रदेश भाजपा मुख्यालय में सेंटर फॉर सोशल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित प्राध्यापक मिलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के प्राध्यापकों और भाजपा विचार परिवार का गहरा



नाता रहा है। प्रधान ने कहा कि एसी, एसटी, ओबीसी के अलावा गरीबी को भी एक सामाजिक वर्ग मानते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने नौकरी और शिक्षा में वंचित वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की।

लेकिन लंबे समय तक जिन्होंने शासन किया और आज जो लोग घड़ियाली आंसू बहाते हैं, उन्होंने वंचित वर्गों के साथ केवल धोखा किया है।

## भाजपा पहले डर फैलाती है फिर हिंसा: राहुल गांधी

### भारत जोड़ो यात्रा ने किया मध्य प्रदेश में प्रवेश, राहुल गांधी ने साधा भाजपा पर निशाना

**बुरहानपुर/भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के मध्य प्रदेश में प्रवेश के बाद अपने भाषण में भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले डर फैलाती है और फिर हिंसा, लेकिन हिन्दुस्तान में किसी को डरने की जरूरत नहीं है। इस यात्रा का उद्देश्य ही इस डर को हटाना है। दरअसल, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बुधवार को सुबह 6.00 बजे महाराष्ट्र के जलगांव जामोद से रवाना हुई और बुरहानपुर जिले से सुबह 7.00 बजे मध्यप्रदेश में प्रवेश किया। यात्रा का पहला पड़ाव ग्राम बोदरली गांव रहा, जहां पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने स्वागत किया। राहुल गांधी की



आरती उतारी गई। बंजारा लोक नृत्य कलाकार रीना नरेंद्र पवार ने उनके स्वागत में लोक नृत्य की प्रस्तुति दी।

यहां से यात्रा आगे बढ़ने से पहले राहुल गांधी ने मंच से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्यार और स्नेह के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह यात्रा हमने कन्याकुमारी में शुरू की थी। जब यात्रा शुरू हुई तो विपक्ष के लोगों ने कहा था कि हिंदुस्तान 3600 किलोमीटर लंबा है। यह पैदल नहीं किया जा सकता। हम मध्यप्रदेश में आए हैं। यहां 370 किलोमीटर चलेंगे। यह तिरंगा हम श्रीनगर में लहराएंगे। इसे कोई नहीं रोक सकता। यह तिरंगा श्रीनगर जाएगा। उन्होंने यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि जो नफरत, हिंसा और डर हिंदुस्तान में फैलाया जा रहा है, उसके खिलाफ यह यात्रा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का तरीका देखिए। सबसे पहले डर फैलाओ।

## पहाड़ से ज्यादा मैदानी इलाकों में 'कोल्ड अटैक'

**शिमला:** हिमाचल के पहाड़ों पर बीते सप्ताह की बर्फबारी का इम्पैक्ट अब मैदानी इलाकों पर दिखने लगा है। पड़ोसी राज्य पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के ज्यादातर शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। वहीं हिमाचल में इन दिनों पहाड़ों से ज्यादा सर्दी मैदानी इलाकों में पड़ रही है। अधिकतर मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1 से 4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर गया है। इससे सुबह व शाम के वक्त ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा जैसे गर्म शहरों में शिमला, कुल्लू और किन्नौर से ज्यादा सर्दी पड़नी शुरू हो गई है। प्रदेश के पड़ोसी राज्य पंजाब के अमृतसर का न्यूनतम पारा 8.1 डिग्री, चंडीगढ़ का 9.6 डिग्री, दिल्ली के सफदरजंग का 8.0 डिग्री, अंबाला का 8.3 डिग्री तक गिर गया है। इसी तरह हिमाचल के सबसे गर्म शहर ऊना का न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। भुंतर का न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री, सुंदरनगर का 3.5 डिग्री, सोलन का 5.6 डिग्री, मनाली का 3.4 डिग्री, मंडी का 5.6 डिग्री, बिलासपुर का 9 डिग्री, हमीरपुर का 6 डिग्री और चंबा का न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री पहुंच गया है।

### राहुल की यात्रा की तैयारियों पर हुई मीटिंग में दूर-दूर बैठे, सचिन पहले निकल गए

## पायलट-गहलोत में फिर दिखा खींचतान

**जयपुर:** राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस नेता सचिन पायलट के बीच की तल्खी बुधवार को एक बार फिर जाहिर हुई। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में आने वाली है। इसकी तैयारियों को लेकर बुलाई गई बैठक में गहलोत और पायलट दूर-दूर बैठे दिखे। दोनों नेताओं ने आपस में बात भी नहीं की। सचिन पायलट तो मीटिंग खत्म होने से पहले ही वहां से चले गए। राजस्थान में 25 सितंबर को हुए सियासी बवाल के बाद पहली बार दोनों नेता किसी इवेंट में एक साथ पहुंचे थे। दरअसल, राहुल गांधी



की भारत जोड़ो यात्रा 3 दिसंबर को यात्रा राजस्थान में आएगी। राहुल यहां 17 दिन तक रहेगी और यहां से हरियाणा जाएगी। यात्रा की राजस्थान में तैयारियों को लेकर समन्वय समिति की पहली मीटिंग कांग्रेस वॉर रूम में हुई। इसमें समिति के 33 सदस्य शामिल हैं।

**मीटिंग खत्म होने से 30 मिनट पहले निकल गए सचिन:** कांग्रेस की बैठक में गहलोत और पायलट की कुर्सी दूर-दूर थीं।

पायलट हरीश चौधरी के बगल में बैठे। वहीं, अशोक गहलोत के एक ओर जितेंद्र सिंह और दूसरी ओर प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा बैठे थे। करीब 12 बजे शुरू हुई मीटिंग में अशोक गहलोत देरी से पहुंचे और सचिन पायलट मीटिंग खत्म होने से करीब आधा घंटे पहले निकल गए।

## दिल्ली: नशे की लत में माता-पिता समेत 4 की हत्या

**नई दिल्ली: दिल्ली** के पालम इलाके में एक व्यक्ति ने अपने परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी। घटना मंगलवार की रात साढ़े दस बजे की है। आरोपी का नाम केशव है और वह नशे का आदी है। परिवार ने उसे नशामुक्ति केंद्र भेजा था। वहां से लौटने के बाद भी उसकी लत नहीं छूटी। वह नशे के लिए परिवार से पैसे मांगता रहता था। मंगलवार को भी उसने नशे के लिए पैसे मांगे थे। जब घरवालों ने पैसे देने से मना कर दिया तो उसने परिवार के लोगों की हत्या करने का फैसला कर लिया। घर के चारों सदस्यों को घर सभी को अलग-अलग कमरे में ले जाकर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी भागने की फिराक में था, लेकिन उसके चचेरे भाई ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतकों की पहचान पिता दिनेश, मां दर्शना, बहन उर्वशी और दादी दीवाना देवी के रूप में हुई है। पुलिस को दो लाशें वॉशरूम में मिली हैं। फर्श में चारों तरफ ब्लड दिख रहा है। महिला के पेट में बड़ा घाव दिख रहा है। ऐसा लग रहा है, जैसे चाकू से लगातार हमला किया गया है। पुलिस को दो लाशें वॉशरूम में मिली हैं।

## स्कूलों में अब प्री-प्राइमरी से ही बच्चे पढ़ेंगे सड़क सुरक्षा का पाठ

**नई दिल्ली:** अक्सर लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर नियम तब याद आती है, जब वे किसी हादसे का शिकार हो जाते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा, क्योंकि सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों की घुट्टी अब हर किसी को स्कूलों में प्री-प्राइमरी स्तर से ही पिलाई जाएगी। जिसमें उन्हें न सिर्फ सड़क सुरक्षा से जुड़े नियम पढ़ाए व रटाए जाएंगे बल्कि स्कूली स्तर पर होने वाले गतिविधियों के जरिए उनके संस्कार में भी उसे खोला जाएगा। इससे लोगों में जागरूकता तो बढ़ेगी ही, साथ ही सड़क दुर्घटनाएं भी कम होंगे। यह ठीक वैसे ही होगा जैसे अभी स्वच्छता को लेकर हर बच्चे को जागरुक किया जाता है। सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों को लेकर सरकार यह फोकस तब बढ़ा है, जब काफी कोशिश के बाद भी सड़क हादसे और



उनमें होने वाली मौतों की रफ्तार थमती नहीं दिख रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश भर में हर साल औसतन साढ़े चार लाख से ज्यादा सड़क हादसे होते है। इनमें डेढ़ लाख से ज्यादा की मौत भी हो जाती है। जो किसी भी बीमारी से होने वाली मौतों से भी काफी ज्यादा है। इसकी बड़ी वजह लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की कमी मानी जाती है। यही वजह है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूलों के तैयार किए जा रहे पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा के विषय को बच्चों को शुरूआत से पढ़ाने का फैसला लिया गया है।

**नए पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क में सड़क सुरक्षा विषय शामिल:** पिछले दिनों जारी किए गए बुनियादी शिक्षा के नए पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क में इस विषय को अलग से एक पाठ (चैप्टर)के रूप में शामिल किया गया है। स्कूलों में बुनियादी स्तर के तहत तीन से आठ साल तक की उम्र के बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। इनमें प्री-प्राइमरी के तीन साल और पहली व दूसरी कक्षा शामिल है। स्कूली शिक्षा के नए पाठ्यक्रम पर काम कर रहे शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक बुनियादी स्तर के अलावा सड़क सुरक्षा से जुड़े विषय को प्रमुखता से स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर पढ़ाया जाएगा।

## पंजाब की जेलों में टेंशन बने मिनी मोबाइल

### अंगुली से छोटा फोन, 70% केचौड़ा कंपनी के; गुप्तांगों में छिपा कर बैरकों तक ले जाते कैदी

**लुधियाना:** पंजाब की जेलों में मिनी मोबाइल जेल प्रशासन के लिए बड़ी सिरदर्दी बने हुए हैं। यह चाइनीज फोन जेल में बंद कैदियों तक आसानी से पहुंच जाते हैं। मोबाइल सामान्य व्यक्ति की अंगुली से भी छोटे साइज के होते हैं। कैदियों से बरामद मोबाइल फोन में से 70 फीसदी एक खास ब्रांड 'केचौड़ा' के मिनी फोन हैं। इन्हीं फोन का इस्तेमाल करके जेल से ड्रग रैकेट तक शहरों में चलाए जाते है। यह फोन पेशी पर आने के समय कैदियों तक पहुंच जाते हैं।




**निजी अंगों में छिपाकर लाते मोबाइल:** जेल अधिकारियों के अनुसार, कैदी मोबाइल फोन को अपने निजी अंगों में छिपाकर तस्करी करते हैं। कभी-कभी 3 मोबाइल फोन तक बैरकों में आ जाते है। पिछले 6 महीनों में राज्य की जेलों में बंद कैदियों से करीब 4 हजार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

# तेज रफ्तार जीप की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत,साथी युवक घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पसना।** कोरांव बाजार से खरीददारी कर घर लौट रहे बाइक सवार युवक की मार्ग दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई, एवं साथ बैठा युवक गंभीर रूप घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार कोरांव थानांतर्गत बभनपट्टी गांव निवासी पोलई कोल का इकलौता पुत्र विकास उम्र 24वर्ष घर से सब्जी आदि खरीदने कोरांव बाजार बाईक से गया था,उसके साथ परिवार का युवक भी था। बाजार से लौटते समय पसना



पुराने पेट्रोल पंप के नजदीक मेजा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कमांडर जीप की टक्कर लगने से बाईक चला रहे विकास की सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।पीछे बैठे युवक अजय पुत्र अमरनाथ को भी चोट आने से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में भर्ती कराया गया है।मृतक की पत्नी मीरा का रो रो कर बुरा हाल हो गया।मृतक को दो पुत्र क्रमशः 4 वर्ष व 3 वर्ष एवम् एक पुत्री 8 माह की है।मृतक रोजी रोटी के सिलसिले में हरियाणा रहता था और कल ही परदेस से घर लौटा था।सूचना पर पहुंची कोरांव पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया।

## वाइक सवार पेड से टकराया इलाज के दौरान मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खाई गांव निवासी दया नाथ पांडेय? 30 वर्ष पुत्र राम नरेश मंगलवार को शहर से ड्यूटी करके देर शाम अपनी मोटरसाइकिल से घर को लौट रहा था कि रास्ते में रीवा महोरी गांव के सामने वाइक की गति तेज होने से सड़क के किनारे पेड़ से जा टकराया रात को सूचना मिलने पर परिजन पास के एक नीजी अस्पताल में इलाज के लिए लें गये जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# मऊआइमा में दो बाइकों की टक्कर से सैन्यकर्मी की मौत

## मऊआइमा के कलंदपुर मार्ग पर हुई घटना

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** बहन की शादी में अवकाश पर आए सैन्यकर्मी की बाइक एक अन्य बाइक से टक्कर हो जाने से सैन्यकर्मी का हेलमेट टूट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बाइक चालक को मय बाइक सहित पकड कर पुलिस के हवाले कर दिए। मृतक सैन्यकर्मी के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तथा बाइक चालक को हवालात में डाल कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।



मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटरादयाराम(बागी) निवासी संजय कुमार यादव 32 वर्ष पुत्र बांकेलाल यादव जम्मू में फौज में तैनात है। बताते हैं कि मंगलवार को संजय कुमार यादव चचेरी बहन की शादी जो गुरूवार को थी ।शामिल होने आया था। बताया गया है कि संजय कुमार बाइक से झूंसी अपने नये घर पर गया था। बुधवार को बाइक से दोपहर को वापस आ रहा था। जैसे संजय चकश्याम पूरे हिंचा राम सुख विधालय के पास पहुंचा था कि मऊआइमा कस्बा की ओर से आ रही तीव्र गति से बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे संजय कुमार की हेलमेट टूट गया और बाइक की हैंडिल सिर में घुस जाने से मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने बाइक चालक सहित पुलिस को सौंप दिया। तथा मृतक के चचेरे भाई कमल कुमार पुत्र लालता प्रसाद ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने सैन्य कर्मी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट आधा दर्जन खिलाफ एस सी एसटी में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने एक मामले में छह के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। जबकि एक अन्य गांव में मार पीट के दौरान महिला के कपडे फाड दिए गए। जिसमें दो को नामजद किया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याण पुर के दमोदरपुर गांव निवासी विवेक कुमार पुत्र छेदी लाल हरिजन का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर कतिपय लोग लाठी डंडे लेकर उसे और परिजनों को मारे पीटे जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक गालियां भी दी। विवेक कुमार ने मऊआइमा थाने में भोला पटेल ,शमशेर पटेल ,खज्जू पटेल ,बबलू पटेल ,लालजी पटेल ,हीरो पटेल सभी निवासीगण उमरिया सारी के खिसक एस सी एस टी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम दुबाही निवासनीय नगमा बानों पत्नी सबी उद्दीन का आरोप है कि उसके गांव के दो लोग उसका बबुल का पेड काट रहे थे मना करने पर घर में घुस कर मारे पीटे और कपडे फाड दिए।नगमा बानों ने अकील उद्दीन ,सगीर उद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** परिषदीय स्कूलों में पंजीकृत दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के साथ खेल व अन्य क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने के लिए बुधवार को तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता लक्ष्मी नारायण इंटर कॉलेज मेजा में आयोजित हुई । प्रतियोगिता में विकासखंड मेजा उरुवा व मांडा में विभिन्न स्कूलों में पंजीकृत दिव्यांग छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी



मेजा नीरज कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा खिलाडियो को हरी झंडी दिखाकर किया । प्रतियोगिता के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक राजीव त्रिपाठी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को बेहतर शिक्षा देने में प्रोत्साहित करने के लिए समेकित शिक्षा योजना संचालित की जाती है जिसमें सामान्य छात्रों की भांति दिव्यांग बच्चों को शिक्षा व खेलकूद के अवसर प्रदान किए जाते हैं जिससे ऐसे बच्चे भी मुख्य धारा में जुड़ सके` दिव्यांग छात्रों ने हर स्तर के खेल में उत्साह पूर्वक भागीदारी दिखाई जिसमे जूनियर स्तर पर 50 मीटर की दौड़ में बालक वर्ग के मेजा से सतीश तथा बालिका वर्ग में उरुवा लोहारी से खुशी को प्रथम स्थान मिला। द्वितीय स्थान अजीत तथा अनुज दोनों मेजा के छात्र ने ने जीत दर्ज की। चित्रकला और कुर्सी दौड़ में क्रमशःप्रिंसी तिवारी जूनियर हाई स्कूल नेवढ़िया मेजा की छात्रा ने प्रथम तथा भानु कंदवा मांडा ब्लॉक ने छात्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सुलेख प्रतियोगिता में सौरभ सिंह कंदवा मांडा के छात्र ने प्रथम स्थान आलिया मेजारोड की छात्रा द्वितीय स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर पर के 50 मीटर दौड़ में राहुल प्राथमिक विद्यालय मुड़पेला प्रथम स्थान हासिल किया तो मेजा के अनुज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर बालिका वर्ग में अंशिका मेजा से और आशा लक्षनपुर से प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। कुर्सी दौड़ में अंजलि प्राथमिक विद्यालय डेलॉहा मेजा की छात्रा प्रथम तथा खुशी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। चित्रकला में प्राथमिक विद्यालय चौकी के निखिल पटेल ने द्वितीय व सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया।सभी विजयी छात्रों को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया व सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन व आभार प्राथमिक शिक्षक संघ मेजा के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने किया।,इस अवसर पर विनोद शुक्ल अध्यक्ष शिक्षक संघ उरुवा, अवनीश मिश्र, व्यायाम शिक्षक विवेकानंद पांडेय,मानिक चंद्र पटेल, राम इकबाल राम, मुकेश शुक्ल,अमरेश यादव, अजीत मिश्र, रविन्द्र मोहन सिंह, अखिलेश मिश्र, संतोष,सत्येंद्र सिंह, कैलाश सिंह, ज्ञानेश्वर प्रसाद, कमला कांत पांडेय अनामिका पांडेय, रंजीत पटेल आदि शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

## मेड़ काटने का विरोध करने पर फायरिंग युवक घायल

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** प्रयागराज थाना क्षेत्र के बबुरा गांव में बुधवार सुबह एक ही परिवार के दो लोगों के बीच खेत का मेड़ काटने को लेकर विवाद हो गया विरोध करने पर मारपीट व लाठी-डंडे चलने लगे इसी बीच एक पंक्ष ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली चला दी जिसमें विक्रम उर्फ जयसिंह पुत्र देवीदीन के हाथ में गोली लगने से जख्मी हो गया बताया जाता है कि घायल व्यक्ति घटना का अपने मोबाइल से वीडियो बना रहा था उसी बीच गोली लगने से हाथ का पंजा और मोबाइल उड़ गया गोली चलने की आवाज पर गांव में हड़कंप मच गया विवरण के अनुसार एक ही परिवार के बीच रंगनाथ यादव व व श्याम नारायण के बीच 10 वर्षों से खेत के मेड़ का विवाद चला आ रहा था कई बार मारपीट होने के बाद समझौते पर सहमति हो गई थी बुधवार को सुबह एक पक्ष द्वारा मेड़ काटने का विवाद फिर शुरू हुआ जिस पर गोली चलने से एक व्यक्ति घायल हो गया जिसको शहर के अस्पताल एस आर एन में भर्ती कराया गया है घटना की सूचना पर थाना प्रभारी करछना विश्वजीत सिंह मैं हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे आरोपी व्यक्ति को उसके घर में छुपा हुआ था जिसे लाइसेंसी बंदूक के साथ पकड़ कर हिरासत में ले लिया है तथा घटना में शामिल दोनों पक्षों के तरफ से कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने पूछताछ कर रही है।

## क्षेत्राधिकारी क्राइम के निधन पर शोक सभा

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के बिगहियां गांव में समाजसेवी एवं बुद्धिजीवियों द्वारा वाराणसी वीआईपी ड्यूटी के दौरान सीओ क्राइम रामसागर के असामयिक निधन पर मंगलवार को श्री राम जानकी सत्संग मंडल के संस्थापक आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में एक शोक सभा कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में परमात्मा सहन करने की क्षमता प्रदान करें। शोक सभा में सत्संग मण्डल के संस्थापक ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा विगत दिनों फूलपुर में कार्यरत रहे क्षेत्राधिकारी ने अपने कार्यकाल में गरीबों की मदद ,न्याय प्रिय,मृदुभाषी तथा त्वरित निर्णय करने में सक्षम क्षेत्राधिकारी सभी के दिलों में हमेशा के लिए जीवंत रहेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रधान नागेन्द्र प्रसाद उपाध्याय, समाजसेवी पिंटू दूबे, जय कृष्ण पांडे, लक्ष्मीकांत मिश्र,मुन्ना सिंह, रामकिशोर यादव, दिलीप यादव, सुभाष मिश्रा, धनंजय मिश्रा, बृजलाल यादव सहित आदि लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आज, कार्यकताओं से पहुंचने की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** भाजपा की पार्टी कार्यालय सहसों पर बुद्धवार को पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ तिवारी की अध्यक्षता में कार्यकताओं की एक बैठक की गई। जिसमें बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अधिक से अधिक संख्या में परेड ग्राउंड में आज गुरुवार को होने वाली प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विचारों को सुनें और प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव डब्बू , भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष सहसों अनिल सरोज, महामंत्री पवन कुमार शुक्ला व संजय सिंह, चंद्रेश कुमार केसरवानी, रंजना सिंह परिहार, अमन सिंह राजपूत, जितेन्द्र सिंह पटेल सहित आदि उपस्थित रहे।

# खंडों में बंटे जनजातीय समाज के लोगों को एकजुट होने की जरूरत: राजमणि कोल

## अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** खंड खंड में बंटे जनजातीय समाज के लोगों को एकजुट होने की जरूरत है। सरकारें अथवा समाज के लोग एक साथ मिलकर दलित आदिवासी गरीब जनजातीय लोगों को आगे बढ़ाने के लिए खड़े हैं। बस जनजातीय समाज के लोगों को जागरूक होकर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की जरूरत है। यह बातें कोरांव भाजपा विधायक राजमणि कोल ने विकासखंड कोरांव के ग्राम पंचायत देवघाट बैठकवा में नवनिर्मित राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में सेवा समर्पण संस्थान प्रयागराज व अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से आयोजित भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने कहा कि साक्षात देवताओं की पूजा




आदिवासी वनवासी समाज के लोग ही करते हैं। अंग्रेजों से लड़ाई कोलो ने लड़ी किंतु उनका इतिहास नहीं लिखा गया और न तो उनका नाम ही आया। भगवान बिरसा मुंडा जब अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन छेड़ा था तब गोली और बारूद नहीं था। तीर और कमान तथा धनुष बाण से अंग्रेजों के दांत खट्टे करने वाले जनजातीय समाज के महानायक भगवान बिरसा मुंडा को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने उनके जीवन वृतांत को विस्तार से बताते हुए कहा कि कोल जाति के पास वह साहस व जज्बा होता है कि वह असंभव कार्य को भी दृढ़ संकल्प के साथ संभव कर सफल कर देता है। इसी जज्बे के साथ भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन छेड़ा था और सर्वप्रथम किसानों पर लगाए गए कर को बंद कराया था। लेकिन ऐसे वीर योद्धा के लिए दुखद हुआ कि अंग्रेजी हुकूमत ने जेल में डाल कर भोजन में जहर देकर मार डाला। इनके योगदान को जनजातीय समाज के साथ-साथ पूरा देश सदैव याद रखेगा। विधायक ने भारी संख्या में उपस्थित जनजातीय समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके द्वारा चुने गए इस बेटे को उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार देश के किसी भी राज्य में जैसे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात में अगर जनजातीय समाज का कोई भी कार्यक्रम होता है तो मुख्य वक्ता के रूप में भेजने का काम करती हैं जो मेरे विधानसभा के लिए गौरव की बात है। इसी प्रकार वनवासी कल्याण आश्रम के जिलाध्यक्ष पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर रामलाल केहरी ने कहा कि कोल जाति बहिष्कृत व उपेक्षित है। जिसको मुख्यधारा में लाना हम सब का उद्देश्य है। इसी प्रकार कार्यक्रम को प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह, रामकुमार, मनीराम शुक्ला, शिवाकांत पांडेय, संतरा देवी निषाद समेत कई वक्ताओं ने संबोधित कर भगवान बिरसा मुंडा के जीवन वृतांत पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से संयोजक गणेश, राम कुमार कोल, शेरा कोल, मुरारी कोल, संतोष कोल, लालता कोल, राम कैलाश, विधायक पीआरो रामाश्रय शुक्ला, भारतीय किसान संघ की महिला प्रांत प्रमुख उर्मिला सिंह, संतोष कुमारी, पूर्व प्रधान राम बहादुर सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य उमाशंकर सिंह अखिल भारतीय प्रधान संगठन के प्रयागराज मंडल मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे सागर समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग एवं वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बालिकाओं के शिक्षित होने पर ही आगे बढ़ेगा देश: संजय अवस्थी

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** बारा तहसील क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र जसरा, घूरपुर में बुधवार को आजादी के अमृत महोत्सव की 75 वीं वर्षगांठ पर

**बालिकाओं के लिए सिलाई मशीन, कंप्यूटर, वाईफाई राउटर, खाद्य सामग्री एवं 11000 रुपये**

आयकर विभाग प्रयागराज एवं बार एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से बेसिक शिक्षा विभाग के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जसरा में बालिकाओं के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बालिकाओं के लिए सिलाई मशीन, कंप्यूटर, वाईफाई राउटर, खाद्य सामग्री एवं 11000 रुपये नगद का अंशदान दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य आयकर आयुक्त संजय अवस्थी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते परिवेश में बालिकाओं की शिक्षा महत्वपूर्ण है।बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी ने कहा कि शिक्षित बालिका ही शिक्षित समाज का निर्माण करती है।इस मौके पर प्रधान आयुक्त शिखा दरबारी, अध्यक्ष सीए एसोसिएशन राजेश पांडेय, वरिष्ठ अध्यक्ष बार एसोसिएशन अजीत भवन,अपर आयकर आयुक्त राय जी, निधि अग्रवाल, शालिनी, चौधरी जी, हरी कृष्ण तिवारी, बी ई ओ अखिलेश वर्मा, सुनीता चौधरी, वार्डन मीना देवी सहित रेही एवम घूरपुर की सैकड़ों बालिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी सुनील तिवारी ने किया।

# नैनी में पीडीए चौकी इंचार्ज ने लगाया चेकिंग अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** यातायात जागरूकता अभियान के तहत प्रशासन के साथ मिलकर जिला अपराध निरोधक समिति की यूथ टीम अपनी सेवा देते हुए पीडीए नैनी मदर टेरेसा चौराहा और महा ऋषि चौराहा पर यातायात जागरूकता अभियान के साथ वाहन चेकिंग और हैंड बिल पर्चा देकर लोगों को जागरूक करवाया गया।



जिसमें प्रशासन की ओर से नैनी पीडीए चौकी प्रभारी जन्मेजय जी साथ एसआई सर्वेश कुमार जी और पुलिस गण शामिल थे जिला अपराध निरोधक समिति की ओर से जनसंपर्क अधिकारी बृजेश कुमार मौर्या, कार्यक्रम अधिकारी शशांक मिश्रा, सहायक थाना कमेटी प्रभारी बलराम मिश्रा, क्षेत्रीय प्रभारी प्रीत पांडेय, क्षेत्रीय प्रभारी सोनू भारतीय, सोहनलाल पांडेय, रोहित रावत, अभिषेक मिश्रा, राजेश कुमार, सुजीत गौतम* *और आदि सदस्यगण यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा के नेतृत्व में सेवा में लगे हुए थे और आगे भी यातायात जागरूक अभियान कार्यक्रम पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर 28 तारीख तक जिला अपराध निरोधक समिति यूथ टीम के द्वारा चालू रहेगा।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने पर जेई विद्युत ने दर्ज करवाई एफआईआर

**शंकरगढ़।** विद्युत विभाग के एक जेई ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज करवाया है। यह मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र का है। जेई की तहरीर पर पुलिस ने शंकरगढ़ के रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विद्युत विभाग के जेई रवि प्रकाश ने बताया कि वह बकाया बिल की जांच के लिए नगर पंचायत शंकरगढ़ में गए थे। बुधवार को दोपहर वह नगर पंचायत शंकरगढ़ के मोहल्ला लाइनपार में एक कनेक्शन कटवा रहे थे। इसी दौरान गाड़ी हटाने की बात को लेकर एक व्यक्ति से झड़प हो गई। हालांकि स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप पर मामला शांत हो गया। इस मामले में अवर अभियंता रवि प्रकाश ने शंकरगढ़ थाने में तहरीर दी। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जेई की तहरीर पर एक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

# जनवरी में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा बने मतदाता: तहसीलदार



**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में तहसीलदार बारा गणेश सिंह की अध्यक्षता में कालेज की 12 छात्राओं ने फार्म 6 भरकर पहली बार मतदाता बनने के लिए आवेदन किया।तहसीलदार ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का बड़ा महत्व है। इसलिए सभी को मतदाता सूची में अपना नाम जोड़वाना चाहिए और मतदान करना चाहिए।

एसडीएम ने फार्म 6, फार्म 6ए, फार्म 6बी, फार्म 7 और फार्म 8 की भी विस्तार से जानकारी दी और मतदाता बनने की अपील की। तहसीलदार ने बताया कि 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह अभियान आठ दिसंबर तक चलेगा। तहसीलदार ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम रूप से प्रकाशन पांच जनवरी को किया जाएगा। कहा, कोई भी अर्ह व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न होने पाए। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न प्रकार के फार्म वितरित भी किए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य सविता निर्मल, कानूनगो मोईन अहमद, लेखपाल गंगा प्रसाद समेत तमाम शिक्षक और छात्राएं मौजूद रहीं।

## गाय बाधने को लेकर दो परिवारों में चले लाठी-डंडे

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के रिठैयां गांव में दो पाटीदारों में जमकर लाठी-डंडे चले। गांव के राधेकृष्ण मिश्र व देवकृष्ण पट्टीदार है। गाय बांधने को लेकर बुधवार की सुबह विवाद हो गया जिसमें एक पक्ष के राधेकृष्ण व उनका बेटा दीपक तथा दूसरे पक्ष से देवकृष्ण व नीतू पत्नी बालकृष्ण घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी बनी भेजा है। बताया जाता है कि राधेकृष्ण के पट्टीदार देवकृष्ण से बटवारे को लेकर विवाद चला आरहा है। बुधवार की सुबह राधेकृष्ण गाय बांध रहे थे तभी देवकृष्ण के घरवालों ने मना किया इसी बात को लेकर दोनों पक्षों मे कहासुनी शुरू हो गई देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगे जिसमें दोनों पक्षों से चार लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनो पक्षों पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## झटका लगने से सड़क पर गिरी स्कूटी सवार महिला, डीसीएम से कुचलकर मौत

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** चित्रकूट से शंकरगढ़ की तरफ आ रही स्कूटी सवार एक महिला सड़क हादसे का शिकार हो गई। बताया जाता है कि टकटई के समीप स्कूटी सवार महिला असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ी और विपरीत दिशा से आ रहे एक डीसीएम के पिछले पहिए की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। एसओ शंकरगढ़ ने बताया कि हादसे के भाग रहे डीसीएम चालक को पकड़ लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक चित्रकूट जनपद के बरगढ़ थाना क्षेत्र के मुरका की रहने वाली लीलावती (36) अपने पति के साथ बुधवार को दूसरे पहर शंकरगढ़ आ रही थी। उसके पति शंकरगढ़ में मकान का निर्माण करवा रहे हैं। तकरीबन साढ़े चार बजे जैसे ही वह अपने पति के साथ टकटई के समीप पहुंची, असंतुलित होकर स्कूटी से नीचे गिर पड़ी और डीसीएम के पिछले पहिए की चपेट में आ गई। शरीर पर पहिया चढ़ जाने से लीलावती (36) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद डीसीएम चालक मौके से भाग निकला। राहगीरों ने हादसे की जानकारी शंकरगढ़ पुलिस को दी। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि हादसे के बाद भाग रहे डीसीएम चालक का पीछाकर मऊ में पकड़ लिया गया है। उसे थाने लाया गया। इसके अलावा मृतका का शव कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## उड़ीसा से वाराणसी गांजा लेकर जा रहे तस्करों को प्रयागराज एसटीएफ ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उड़ीसा से 56 किग्रा गांजा वाराणसी लेकर जा रहे अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को एसटीएफ ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया है।

बरामद किये गए गांजे की कीमत करीब 14 लाख रुपए है। गिरफ्तार सदस्यों ने अपनी कार के अंदर विशेष प्रकार की कैविटी बनाई थी, जिसके अंदर गांजा को छिपाकर रखा था।गांजा पहुंचाने के लिए मिलते थे 20 हजार रुपए प्रयागराज एसटीएफ को जानकारी हुई कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो तस्कर कोरापुट उड़ीसा से अवैध मादक पदार्थों की खेज लेकर एसएक्स 4 कार से मध्य प्रदेश के रास्ते प्रयागराज से वाराणसी ले जाने वाले हैं।

इस सूचना पर प्रयागराज एसटीएफ एक्टिव हो गया।जैसे ही तस्करों की कार आरबीएस




महाविवद्यालय मेजा माण्डा तिराहा से आगे कोरांव की तरफ बढ़ी एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह कार सुधीर सिंह पुत्र कमला प्रसाद जिला बक्सर बिहार की है। यह गांजा सुधीर सिंह ने ही वाराणसी में मंगवाया था। इस काम के लिए प्रति चक्कर इन्हें 20 हजार रुपए मिलते थे।

**ये हुए गिरफ्तार...**
शम्भू कुमार यादव पुत्र वीरेंद्र सिंह यादव, बक्सर बिहार साहब सिंह पुत्र रमेश सिंह, बक्सर बिहार



## हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय में अमृत महोत्सव मनाया गया

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शासन द्वारा मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत वनस्पति विज्ञान विभाग में सात दिवसीय कार्यक्रम ₹ द बॉटनिकल हेरिटेज ऑफ इंडिया₹ के तहत बोनसाई टेक्निक और गार्डन बनाने की टेक्निक हेतु ट्रेनिंग का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बोनसाई बनाने की कला विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मीनाक्षी राठौर से सीखी जिसमें उन्होंने बोनसाई के प्रकार तथा उसके रखरखाव का तरीका छात्र-छात्राओं से साझा किया। ट्रेनिंग में वनस्पति विज्ञान विभाग में छात्र छात्राओं ने बोनसाई पेड़ तैयार किए। इस अवसर गार्डन तकनीक पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के गार्डन के मॉडल तैयार कर विभाग में प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में विभाग प्रभारी डॉ होसिता गुप्ता व महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री आज देंगे 1294 करोड़ परियोजनाओं की सौगात

### महाकुंभ की तैयारियों की करेंगे समीक्षा



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार, 24 नवंबर को प्रयागराज में रहेंगे। परेड ग्राउंड पर मुख्यमंत्री 1294.73 करोड़ की परियोजनाओं सौगात देंगे। इसके अलावा अधिकारियों के साथ महाकुंभ 2025 की तैयारियों की भी समीक्षा करेंगे।

इसके अलावा योगी 4 योजनाओं के 20 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देंगे और मकानों की चाबी सौंपेंगे। गुरुवार को होने वाली सभा की देर रात तक तैयारियां होती रहीं। पूरा प्रशासनिक अमला इस सभा को सफल बनाने में लगा रहा।

### मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र पहुंचे प्रयागराज

योगी आदित्यनाथ 1294.73 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देने के साथ ही साथ 325.16 करोड़ रुपये की योजनाओं का तोहफा देंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा भी मौजूद रहेंगे।आयोजन से एकदिन पहले ही लखनऊ से मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के साथ कई अपर मुख्य सचिव बुधवार को ही प्रयागराज पहुंच गए हैं। मुख्य सचिव व अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लेते रहे। मुख्यमंत्री शहर में करीब 4 घंटे रहेंगे।

## राम को देख कर के जनक नंदिनी, बाग में वो खड़ी की खड़ी रह गयी

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** जलालपुर प्रधान रमेश पांडेय के निवास पर आयोजित श्रीराम कथा के समापन दिवस पर कथा वाचिका मैहर धाम से पधारी साध्वी अन्नपूर्णा माता ने कहा कि स्नान कर तन साफ करना तो काफी आसान है, लेकिन मन को निर्मल बनाना बहुत बड़ी बात है। आडंबरों से दूर भगवान राम की भक्ति और उपासना जहां हमें सत्बुद्धि देती है वहीं हमारे अंतरमन को भी निर्मल करती है।

भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन ही मानव मात्र और समाज के लिए एक ऐसा उदाहरण है, जिस पर चलकर परिवार और समाज को ही नहीं संपूर्ण राष्ट्र को स्वच्छ और समानता पूर्ण बनाया जा सकता है।संगीतमय श्रीराम कथा के समापन पर बुधवार को हवन पूजन भंडारा के साथ कथा का समापन हुआ। 5 दिनों की कथा में भगवान राम के जन्मोत्सव से लेकर रावण, मेघनाद जैसे बलशाली दानवों के अन्त करने की कथा को मर्म स्पर्शी व गीत संगीत



के माध्यम से प्रस्तुत कर श्रद्धालु श्रोताओं को प्रभावित किया।कथा वाचिका ने भगवान राम के वनवास काल की विस्तृत व्याख्या करते हुए बताया कि किस तरह श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण और भार्या सीता के साथ वन-वन भटके। भगवान श्रीराम और भक्त केवट के बीच के संवाद की मनोरम संगीतमयी प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। उन्होंने केवट के निश्छल मन और आस्था को भक्ति का प्रमुख आधार बताया और कहा कि आडम्बर रहित सच्चे और निश्छल मन से श्रीराम को याद कर अपने जीवन को धन्य बनाया जा सकता है।इस अवसर पर इंजीनियर घनश्याम पांडेय, अमरनाथ दुबे, समरनाथ दुबे, बाबा मिश्रा, अभयराज मिश्रा, विजय शंकर तिवारी, देवेन्द्र दुबे, संतोष दुबे, डिंपी पांडेय, बाबा तिवारी, राजीव मिश्रा, राकेश दुबे, पिंटू मिश्रा प्रधान, इंदिल पांडेय, सचिन तिवारी, अनुज दुबे, विकास यादव, दिलीप, अनिल, विनय, सुजीत, रंजीत, सत्यम, राजन, विशाल, निशांत, अर्थव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## झूंसी में अतीक अहमद की 123 करोड़ की संपत्ति कुर्क

### अतीक पर यह अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही पुलिस ने की है



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** फूलपुर के पूर्व सांसद अतीक अहमद पर पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही की है। गैंगस्टर एक्ट के तहत बुधवार को अतीक अहमद की झूंसी के हवेलियां स्थित 123 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई जो उसके पिता हाजी फिरोज व चाचा उस्मान अहमद के नाम थी। यह कार्यवाही धूमनगंज पुलिस ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर किया है। कार्यवाही के दौरान भारी संख्या में पीएसी और पुलिस बल के जवान तैनात रहे।

आईएएस 227 गैंग के सरगना अतीक अहमद के खिलाफ पुलिसिया कार्यवाही लगातार जारी है। पुलिस लगातार छानबीन कर रही है कि अतीक अहमद ने अपनी पत्नी शाइस्ता परवीन भाई पूर्व विधायक असरफ के अलावा परिवार के किन-किन सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम से प्रॉपर्टी बनाई है। पुलिस को पता चला कि अतीक ने अपने पिता हाजी फिरोज और उनके भाई उस्मान के नाम से झूंसी के हवेलियां में 13 बीघा प्रॉपर्टी बनाई है जिसकी कीमत 123 करोण बताई गई है। बुधवार को एसपी सिटी के नेतृत में राजस्व विभाग की टीम धूमनगंज, झूंसी, कीडगंज, जार्जटाउन, पुरामुफ्ती थाने की फोर्स व पीएसी के साथ मिल कर कार्यवाही की।

### आसपास रहने वालों को नहीं थी अतीक के संपत्ति की जानकारी

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** अतीक अहमद की 123 करोड़ की संपत्ति पर जब झूंसी के हवेलियां में पुलिस फोर्स कार्रवाई करने पहुंची तो लोगों में हड़कंप मच गया आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि उनको यह नहीं पता था कि यह अतीक अहमद की जमीन है जोकि कई वर्षों से ऐसे ही खाली पड़ी हुई थी। बताया जाता है कि बहुत पहले जमीन में आम के पेड़ हुआ करते थे पर वह धीरे-धीरे कट गए अब केवल बबूल के ही पेड़ इस जमीन पर उगे हुए हैं। लोगों की मानें तो स्थानीय भू माफियाओं को इस बात की पूरी जानकारी थी कि यह अतीक अहमद के संपत्ति है पर आसपास रहने वाले लोग इसे सरकारी जमीन मान रहे थे। कुछ लोगों ने बताया कि वर्षों पहले अतीक अहमद के पिता यहां आया जाया करते थे लेकिन कई वर्षों से इस जमीन पर कोई नहीं आया। झूंसी में यह अतीक अहमद पर दूसरी कार्रवाई है पहले अंदावा स्थित कोल्ड स्टोर को ढहाया गया था।

## डॉक्टरों ने 65 साल की महिला से निकाले 10 किलो का ट्यूमर



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** यूनाइटेड मेडिसिटी अस्पताल, रावतपुर के डॉक्टरों की टीम ने बुधवार को 65 वर्षीय महिला की पीठ से 10 किलो का ट्यूमर निकाला। बाएं कंधे और पीठ के क्षेत्र में फैले इस ट्यूमर को हटाने के लिए ऑपरेशन में आठ घंटे लगे।

प्रयागराज जिले की रहने वाली महिला को दो दिन पहले मेडिसिटी के कैंसर विभाग के डॉक्टरों ने मेडिकल रिपोर्ट देखने के बाद ऑपरेशन की सलाह दी थी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था।जनरल सर्जरी से डॉ. शिव यादव और डॉ. अखिलेश ने महिला का परिक्षण कर उसे सर्जरी करवाने की सलाह दी जिसके पश्चात कैंसर विभाग के डॉ. रविशंकर ने अपने सीनियर रेजिडेंट्स की टीम के साथ ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया।डॉ. शिव ने बताया कि सर्जरी के बाद महिला की हालत स्थिर है और वह तेजी से ठीक हो रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।उनके मुताबिक महिला पिछले 20 साल से ट्यूमर की समस्या से जूझ रही थी और इस दौरान दो बार इलाज भी करा चुकी थी, लेकिन कोई राहत नहीं मिली।टीम ने प्रोफेसर प्रदीप साही के नेतृत्व वाली एनेस्थीसिया टीम को भी धन्यवाद दिया, जिसने इस चुनौतीपूर्ण मामले में पूरा सहयोग दिया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शिवांजलि सर्वाधिक अंक प्राप्त कर बनी-विजेता

### प्रधानाचार्य ने चैम्पियंसशिप छात्रा को पुरस्कार में साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया

अखंड भारत संदेश

**करछना।** सर्वोदय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज भीरपुर में बुधवार को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कक्षा नौ की छात्रा शिवांजलि ने विजेता बनकर चैंपियनशिप और साइकिल पर अपना कब्जा जमा लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में तीनों वर्गों में पुरस्कार वितरण विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी निराला द्वारा किया गया । जूनियर और सीनियर वर्ग को पुरस्कार देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आयोजक मंडल की सराहना करते हुए खेल और शिक्षा के बीच संतुलन और सामंजस्य बनाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के जूनियर वर्ग में आदर्श कुमार को प्रथम रूपम भारतीय को द्वितीय एवं कृष्ण कुमार पटेल तथा राज गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मिडिल वर्ग में शिवांजलि को प्रथम प्रदीप कुमार को द्वितीय और रूद्र प्रकाश प्रजापति



तथा राखी गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं सीनियर वर्ग में विवेक कुमार गुप्ता को प्रथम उज्जवल सिंह को द्वितीय नेहा तथा आर्यन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।साथ ही तहसील स्तरीय एथलीट्स प्रतियोगिता के विजेताओं को भी इस कार्यक्रम में पुरस्कृत और सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जहां अजय विश्वकर्मा ने सभी बच्चों का प्रोत्साहन किया। वही भोला नाथ पांडेय ने स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को आगे और मेहनत करने के लिए उत्साहित किया।

कार्यक्रम के संयोजक श्रीशिव शंकर गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। तथा कार्यक्रम का संचालन शिक्षक डॉ वाचस्पति कुमार पाठक ने किया। इस मौके पर शिक्षक संदीप त्रिपाठी सुरेंद्र सिंह यादव उमा शंकर सरोज डॉ सुनील शुक्ला श्रीमती सूची सिंह श्रीमती दीपाली केसरवानी श्रीमती निवेदिता पांडेय अक्षय शर्मा सुधीर मिश्रा राम सिंह महेंद्र कुमार पांडेय रमेश आदि रहे।

### यूपी बोर्ड का माडल पेपर विद्यार्थियों को कराएगा परीक्षा की तैयारी

**प्रयागराज।** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा शुचितापूर्ण कराने की तैयारी के साथ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परिषद की वेबसाइट पर प्रश्नपत्र का माडल पेपर अपलोड कर दिया है। इसमें विशेष यह है कि हाईस्कूल की परीक्षा में पहली बार वर्ष 2023 में ओएमआर शीट पर भी कुछ प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों को देने हैं। ऐसे में ओएमआर शीट पर दिए जाने वाले उत्तरों के प्रश्न का प्रारूप भी माडल पेपर में प्रदर्शित किया गया है, जिसके अभ्यास से परीक्षार्थी बेहतर तैयारी कर सकेंगे। इस बार हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में कितने विद्याथी वर्ष 2023 की परीक्षा के लिए हाईस्कूल में 1,16,485 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिसमें छात्रों की संख्या 6,80,923 और छात्राओं की संख्या 14,18,462 है। इसी तरह इंटरमीडिएट के लिए कुल परीक्षार्थियों की संख्या 27,50,913 है। इसमें 15,31,571 छात्र एवं 12,19,342 छात्राएं हैं।

## एक्यूप्रेशर विधा प्राकृतिक चिकित्सा का एक अभिन्न अंग है- दयालु

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** एक्यूप्रेशर शोध प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान के 24वें राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित राज्य मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को कहा कि एक्यूप्रेशर विधा प्राकृतिक चिकित्सा का एक अभिन्न अंग है। तथा जनहित में इसके व्यापक प्रसार की आवश्यकता है।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद माननीय न्यायमूर्ति राजेश कुमार ने मंत्री जी की इसी स्वीकृति को प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित करते हुए विधा को मान्यता देने तथा इसके व्यापक उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। संस्थान के अध्यक्ष जेपी अग्रवाल ने जटिल एवं असाध्य रोगों में एक्यूप्रेशर की कारगरता को उदाहरण के साथ प्रस्तुत करते हुए इसके सरकारी स्तर पर जनहित में



व्यापक प्रसार की आवश्यकता को स्वीकार करने तथा इसे राज्य सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर कार्यान्वित करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा संस्थान के तीन वरिष्ठतम पदाधिकारी सर्वश्री केसी गोयल, एसएस सराफ एवं एसपी सिन्हा को जनसेवा के प्रति उनके समर्पण एवं कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रतीक बनने के लिए सम्मानित किया। राम कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को संकल्प दिलाया। संस्थान के शोध जर्नल ह्यत्रिपथगा, सिंगल प्वाइंट-11एवं दो बिन्दु से उपचार जो कि प्रभात वर्मा द्वारा संकलित पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक एके द्विवेदी एवं धन्यवाद ज्ञापन परिसर के प्राचार्य श्री एपी सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. आञ्जनेय शुक्ल, एस.के. गोयल, ए.के. शुक्ल, एम.बी. त्रिपाठी, एस.एन. दुबे, एस.पी. केसरवानी, एम.एम. कूल, मुरारी लाल अग्रवाल, अशोक देवड़ा, विशाल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन के सामने कूदकर अधेड़ महिला ने की आत्म हत्या

**घूरपुर।** क्षेत्र के बादलगंज गांव के सामने स्थित रेलवे ट्रैक पर बुधवार की दोपहर एक अधेड़ महिला ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली । सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पहचान करवाने को कोशिश की लेकिन महिला की पहचान नहीं हो सकी। घूरपुर थाना क्षेत्र के बादलगंज गांव के सामने बुधवार की दोपहर एक महिला घूमते टहलते पहुंची और इधर उधर देखते हुए सामने आई ट्रेन के सामने कूद गई । ट्रेन की चपेट में आने के चलते महिला के शरीर के कई टुकड़े हो गए । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पहचान करवाने की कोशिश की लेकिन महिला की पहचान नही हो सकी।


### कार्यालय ग्राम पंचायत लहना विकास खंड मंझनपुर जनपद कौशांबी

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लहना विकास खण्ड मंझनपुर कौशाम्बी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत फूलचंद पासी के घर से सूरज दीन के घर होते हुए तेलियन तालाब तक नाली और इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है उपरोक्त कार्य की अनुमानित लागत 10 लाख 317 रुपए प्रस्तावित है इसी तरह लहना गांव में मंजू मौर्या के दरवाजे से भगवती मौर्या के घर होते हुए तेलियन तालाब तक मनरेगा योजना अंतर्गत नाली और इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है उक्त कार्य की अनुमानित लागत 11 लाख 7 हजार 295 रुपए प्रस्तावित है उक्त दोनों कार्यों के लिए पंजीकृत फर्म से निविदा फार्म आमंत्रित है ग्राम पंचायत कार्यालय लहना में 24 नवंबर 2022 से 30 नवंबर 2022 तक पंजीकृत फर्म द्वारा निविदा फार्म जमा किए जा सकते हैं 02 दिसंबर 2022 को 11:00 बजे दिन में सार्वजनिक तरीके से ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा खोला जाएगा निविदा फार्म स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा

**निर्मला देवी**
(ग्राम प्रधान)
ग्रा0 पं0 लहना
विकास खंड मंझनपुर
जनपद कौशांबी

**आदित्य सिंह**
( सचिव )
ग्रा0 पं0 लहना
विकास खंड मंझनपुर
जनपद कौशांबी

# किसानों की हितैषी है योगी व मोदी सरकारः सांसद

## लालगंज में हुआ किसान सम्मेलन का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर में बुधवार को भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि सांसद संगम लाल गुप्ता ने पीएम किसान सम्मान निधि समेत किसानों से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को किसान हितैषी बताया।



किसान सम्मेलन में बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता।

उन्होंने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश के विकास में रोड़ा अटकाया है और यह पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी सरकार की कार्रवाई से घबरायी हुई है। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा ने कहा कि भाजपा की नीति देश के उत्थान तथा सबके सम्मान को मजबूत करने वाली नीति है। सम्मेलन में आयोजन समिति द्वारा सांसद संगम लाल गुप्ता व पूर्व मंत्री शिवाकान्त ओझा के साथ ही जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र एवं किसानी के क्षेत्र मे योगदान के लिए लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान रामपुर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन मे किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय कुमार मिश्र ने कृषि क्षेत्र की भाजपा सरकार की उपलब्धि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद मिश्र ने किया। सम्मेलन का संयोजन ओमप्रकाश तिवारी झुन्ना, मिथलेश गुप्ता व सभासद ज्ञानचंद्र मोदनवाल ने संयुक्त रूप से किया।

## मॉडल गांव बेसार में मनाया गया स्थापना दिवस

**प्रतापगढ़।** मॉडल गांव बेसार विकास खण्ड पट्टी में ग्राम स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस का आयोजन ग्राम प्रधान बेसार कंचन पटेल, मॉडल गांव टीम और समस्त बेसारवासियों के सहयोग किया गया। स्थापना दिवस समारोह में सेवानिवृत्त आईएएस अजय दीप सिंह, सेवानिवृत्त सीजीएम नाबार्ड मुनीश, सौरभ लाल (सीईओ) मॉडल गांव के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों और समस्त ग्रामवासियों ने प्रतिभाग किया। मॉडल गांव प्रोजेक्ट भारत के सभी गांवों को आत्मनिर्भर एवं मॉडल गांव बनाने की एक पहल है। गांव वालों को विकास के प्रति जागरूक करने के लिये विलेज मैनिफेस्टो के माध्यम से 25 विकास बिन्दुओं पर अनेकों गांव में कार्य किया जा रहा है। इसी प्रयास के तहत ग्राम बेसार में स्थापना दिवस मनाया गया जो कि विलेज मैनिफेस्टो में दिये 25 विकास के मुद्दों में से एक है। मॉडल गांव प्रोजेक्ट के मानद सलाहकार आईएएस डा0 हीरालाल के मार्गदर्शन में चल रहे इस कार्यक्रम में ग्राम बेसार के लोगों को मिलकर आगे बढ़ने के तरीके बताये गये और जनसहभागिता से काम करने की प्रेरणा दी गयी।

# झांकियों ने मोहा मन, जगमगाती लाइटों से गुलजार हुआ नगर

## एकता कलात्मक झांकी में दर्शकों की सबसे अधिक भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार की रात भरत मिलाप के अवसर पर पट्टी नगर जगमगाती लाइटों की रोशनी में डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए दिखाई दिया। पट्टी नगर रायपुर रोड पर एकता कलात्मक झांकी पूरी रात मौजूद दर्शकों का मनोरंजन करती रही, जहां पर सबसे अधिक दर्शक दिखाई दिए।

पट्टी नगर रायपुर रोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने एक तक रात में झांकी का प्रदर्शन मंगलवार की रात शुरू किया गया। शाम सात बजे कार्यक्रम को यश प्रताप सिंह उर्फ बिट्टू भैया तथा पूर्व आईजी अरविंद कुमार सिंह तथा सुनील कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उसके बाद सौरभ पांडे द्वारा झांकी के कलाकारों ने लोगों का मन मोह लिया। राधा-कृष्ण, काली माता, हनुमान जी सहित कई प्रकार की झांकी पर दर्शक ताली बजाते हुए दिखाई दिए। रात 12 बजे झांकी प्रतियोगिता कराई गई जिसका दर्शकों ने जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष पीयूष सिंह उर्फ रक्षित तथा उपाध्यक्ष रोहित जायसवाल, व्यवस्थापन जावेद अहमद उर्फ शेरू, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा, निर्मल श्रीवास्तव (सुधीर), वरिष्ठ संरक्षक के रूप में राम गुलाब सिंह, प्रबंधक सुरेंद्र पांडेय, मंत्री कांता पटेल तथा महामंत्री इरफान अहमद, सहप्रबंधक लखनलाल उमरवैश्य और मीडिया प्रभारी मनोज यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।



भरत मिलाप पर झांकी का प्रदर्शन करते कलाकार।

## कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन, कविता सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर रायपुर रोड पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में मनोज यादव मां सरस्वती की वंदना की तो वही जयराम पांडे राही ने देश के जवानों के प्रति गीत प्रस्तुत किया। हमदम प्रतापगढ़ी ने कौमी एकता को कायम करने की बात अपनी शायरी में कहीं तो ओम प्रकाश बदलने सामाजिक समरसता पर अपनी पंक्तियां पढ़े जिस पर मौजूद श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई।

# लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर चालक के खिलाफ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लापरवाहीपूर्वक टैज्क्टर द्वारा बाइक को टक्कर मार देने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पीडित की तहरीर पर टैज्क्टर चालक के खिलाफ पुलिस ने मंगलवार की रात लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाये जाने का केस दर्ज किया है। महेशगंज थाना के बदली का पुरवा ऐंधा निवासी मुकेश कुमार कोरी पुत्र रामअधार कोरी तेरह नवंबर को दोपहर बाइक से गांव के अपने साथी आदर्श प्रताप सिंह के साथ जलेसरगंज की तरफ से गौरीगंज घरेलू सामान की खरीददारी करने जा रहा था। असरही प्राथमिक विद्यालय के समीप टैज्क्टर ने बाइक को टक्कर मार दिया। दुर्घटना मे मुकेश तथा उसके साथी आदर्श को गंभीर चोटे आ गयी। आदर्श मौके पर ही बेहोश हो गया। सूचना मिलने पर सरकारी एम्बुलेंस दोनों को लालगंज ट्रामा सेंटर इलाज के लिए ले आयी। यहां आदर्श की गंभीर दशा देख उसे चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक मे नुकसान पहुंचाए जाने के साथ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाए जाने को लेकर सराय रायजू निवासी टैज्क्टर चालक तौसीफ पुत्र शफीक शेख के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। लालगंज के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग निवासी आशुतोष शुक्ल उर्फ अंशू 35 पुत्र स्व. केदारनाथ शुक्ल मंगलवार की रात बाइक से घर वापस आ रहा था। जलेसरगंज लालगंज हाइवे पर लालूपुर के समीप अज्ञात चारपहिया वाहन ने आशुतोष की बाइक को टक्कर मार दिया। टक्कर मे आशुतोष गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए अंशू को ट्रामा सेंटर ले गये। चिकित्सको ने गंभीर दशा देख उसे प्रयागराज रेफर कर दिया।

# अन्तर्महाविद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता में एसबीए लालगंज व पीबीपीजी कालेज रहे अव्वल

## एमडीपीजी कालेज में अन्तर्महाविद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता का कुलपति ने किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में आयोजित अंतर्महाविद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में यस बी एम लालगंज एवं बालिका वर्ग में पीबीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ सिटी विजेता बनीं। दोनों ही वर्ग में मेजबान एमडीपीजी कॉलेज उप विजेता रही। प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना को बनाए रखते हुए अपने सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता खेलें। उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों को सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों को अपने-अपने महाविद्यालयों में बढ़ावा देना चाहिए। प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 22 विधाओं के टॉपर्स को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति के हाथों सम्मानित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले जनपद स्तर पर प्रतिभागी चयनित होंगे तत्पश्चात विश्वविद्यालय में सभी जनपदों के प्रतिभागियों की प्रतियोगिता होगी उसमें प्रथम स्थान पाने वाले सभी विधाओं के प्रतिभागियों को यह सम्मान मिलेगा। खेल परिणामों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि उद्घाटन मैच एमडीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ एवं दुगार्देवी हीरालाल महाविद्यालय देल्हूपुर के बीच खेला गया जिसमें एमडीपीजी ने 52-21 से जीत दर्ज की। बालिकाओं के उद्घाटन मैच में पीबीपीजी कॉलेज ने दुर्गा देवी हीरालाल महाविद्यालय देल्हूपुर को 33-7 से हराया। बालिकाओं में पीबीपीजी कॉलेज की टीम, दुर्गा देवी महाविद्यालय एवं सरस्वती महाविद्यालय को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची जबकि एमडीपीजी कॉलेज ने राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर तथा साकेत महाविद्यालय को हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान बनाया। बालक वर्ग का सेमीफाइनल एमडीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ एवं आचार्य रमाकांत महाविद्यालय शिवसत के बीच खेला गया जिसमें एमडीपीजी कॉलेज विजेता बनी। दूसरा सेमीफाइनल एसबीएम लालगंज एवं राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर के बीच खेला गया जिसमें एसबीएम लालगंज ने सांगीपुर को परास्त कर फाइनल में जगह बनाई। टीमों के खेल के उपरांत विश्वविद्यालय की टीम का गठन इन्हीं खिलाड़ियों से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व शील्ड प्रदान की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी पूरी लगन, मेहनत व खेल-भावना से प्रतियोगिता खेलें। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्रो प्रदीप कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र, मंत्री आनंद पांडे, विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कल्याण परिषद के डीन प्रो विवेक कुमार सिंह, विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो पवन कुमार पचैरी, डॉ यस पी सिंह, पर्यवेक्षक डॉ अमित सिंह सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं एमडीपीजी कॉलेज के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।



अन्तर्महाविद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता का फीता काटते कुलपति प्रो0 अखिलेष कुमार।

## ....जब प्राचार्य की कुर्सी पर नहीं बैठे कुलपति

**प्रतापगढ़।** प्राचार्य की कुर्सी पर खुद बैठने की बजाय वीसी ने प्राचार्य को बिठाया और स्वयं बगल की कुर्सी पर बैठ गए। प्राचार्य एवं शिक्षक उन्हें बड़ी कुर्सी पर बैठने का निवेदन करते रहे लेकिन उन्होंने कहा यह संस्थान के प्राचार्य की कुर्सी है। इस पर केवल प्राचार्य ही बैठेंगे।

# अटठारह माह दुष्कर्म करने के बाद शादी से किया इंकार

## पीड़िता ने परिजनों से बताई आपबीती, मां ने सीओ को दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अट्ठारह माह से शारीरिक संबंध बनाने के बाद प्रेमी ने शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता ने परिजनों से आपबीती बताई। मां ने प्रेमी के विरुद्ध सीओ को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने सीओ को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पूरे तिलक राम के खलहिया निवासी सुरेंद्र सरोज पुत्र मोहनलाल शादी का झांसा देकर उसकी बेटी के साथ अटठारह माह से शारीरिक संबंध बनाता चला आ रहा है। बीते इक्कीस नवम्बर को वह शाम को उसके घर आया और उसकी बेटी को बहला-फुसला कर लेकर चला गया।जब वह घर आई तो बेटी को न देखकर सन्न रह गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नही लग सका। 22 नवंबर की सुबह पीड़िता के ननिहाल वालो ने बताया कि वह सुरेंद्र के घर पर हैं। जानकारी पर मां सुरेंद्र के घर गई। पीड़िता की मां ने उसके बाद प्रेमी के साथ परिजनों से इज्जत की दुहाई देते हुए शादी की बात रखी, लेकिन प्रेमी ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। पीड़िता की मां उसे लेकर अपने ससुराल आ गई। पीड़िता ने मां से रो-रो कर आपबीती बताने लगी। इतने में आस-पास कभी लोग इकट्ठा हो गए। पीड़िता का प्रेमी के गांव में ननिहाल है। मामा के घर आते-जाते दोनों के बीच प्रेम हो गया। प्रेमी रिश्तेदारी की वजह से प्रेमिका से मिलने उसके घर भी आता-जाता था। पीड़िता की मां ने सीओ को तहरी देकर कार्रवाई की फरियाद लगाई है। उधर पुलिस का कहना है कि जांच कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बिना रजिस्ट्रेशन के धड़ल्ले से चल रही है कोचिंग

**परियावां, प्रतापगढ़।** काला कांकर विकास खण्ड के ब्लाक मुख्यालय समेत क्षेत्र के आलापुर परियावां, नवाबगंज, लवाना समेत दर्जनों स्थानों पर वर्षो से बिना रजिस्ट्रेशन के धड़ल्ले से इंटर स्तर तक की कक्षाओं के कोचिंग चलाए जा रहे हैं। इस सम्बंध में स्थानीय समाज सेवियों ओर शिक्षा संचालको ने कई बार जिलाधिकारी प्रतापगढ़ समेत जिला विद्यालय निरीक्षक समेत अधिकारियों को मामले से अवगत कराया, लेकिन मामला जस का तस ही रहा। क्षेत्र के कुछ लोगो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इन कोचिंग संचालकों से प्रतिमाह विभाग द्वारा वसूली की जाती है, इसलिए इन कोचिंग संचालको के हौंसले बुलंद है। इस संदर्भ में पूछने पर जिला विद्यालय निरीक्षक का कहना है कि ऐसे कोचिंग संस्थान के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# पीसीएस टॉपर अतुल सिंह का प्रभात एकेडमी में हुआ सम्मान

## कैबिनेट मंत्री मोती सिंह ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के प्रभात एकेडमी में यूपी पीसीएस परीक्षा 2021 के टॉपर अतुल सिंह का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह रहे।

पीसीएस टॉपर अतुल सिंह और उनकी धर्म पत्नी पिंकी सिंह को पूर्व मंत्री मोती सिंह और प्रभात एकेडमी के प्रिंसिपल डॉक्टर प्रभात शर्मा ने मोमेंटो और अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। पूर्व मंत्री मोती सिंह ने कहा कि अतुल सिंह की सफलता को हमे ही नहीं पूरे प्रतापगढ़ को गर्व है। किसी क्षत्रिय परिवार से उत्तर प्रदेश में पीसीएस के परीक्षा में टॉप करने वाले अतुल सिंह पहले व्यक्ति हैं। पूर्व मंत्री मोती सिंह ने अतुल सिंह की पत्नी पिंकी सिंह को अतुल को सफलता के उच्च मुकाम पर पहुंचाने में एक अहम किरदार बताया। संचालन अमितेंद्र श्रीवास्तव ने किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर प्रभात शर्मा ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वीएस मेमेरियल स्कूल के निदेशक राकेश सिंह, एमबीएस स्कूल के प्रबंधक धर्मवीर सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री राजेश सिंह, अजीत शर्मा, समाजसेवी रज्जू राजा, मुन्ना सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी संतोष दूबे, पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि विनोद पांडेय, पीआरओ राजा सिंह, विनोद श्रीवास्तव, आकाश शर्मा, सरिता शर्मा, शिवांगी शर्मा के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक एवम शिक्षिकाएं, छात्र एवम छात्राएं मौजूद रहे।



पीसीएस टॉपर को सम्मानित करते अतिथिगण।

# दो दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक कार्यशाला सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज काला काकर में कृषि संकाय द्वारा कार्यशाला आशुतोष यादव के नेतृत्व में आयोजित हुई प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन तकनीकी जानकारी व्यवहारिक रुप से दी गई बीएससी एजी के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रुचि पूर्वक जानकारी ली। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपने गांव क्षेत्र में मशरूम की खेती करने हेतु प्रेरित करना चाहिए जिससे कि इनकी आमदनी बढ़ सके। इस अवसर पर कृषि संकाय के प्राध्यापक डॉ राम लखन सिंह, अनिल सिंह, रंजीत पटेल, नासिर जिलानी एवं बीएससी एजी के छात्र छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाई कार्यशाला में प्रोफेसर रामकरन यादव प्रोफेसर शिव भूषण प्रोफेसर सूर्यभान सिंह प्रोफेसर रेखा सिंह प्रोफेसर इंदु रेखा सिंह मुन्नालाल पांडे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डॉक्टर शिवम श्रीवास्तव ने मशरूम उत्पादन की विधि को समझाते हुए सभी विद्यार्थियों को बताया कि एजी के विद्यार्थी इसे अपना रोजगार भी बनाकर अच्छी कमाई कर सकते हैं जो स्वयं में एक रोजगार है।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद प्राचार्य व शिक्षकगण।

# दहेज हत्या के आरोपी को सात वर्ष का कारावास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश कुंदन किशोर ने अतुल सिंह निवासी बलीपुर बोदवा थाना उदयपुर को दहेज उत्पीड़न व दहेज हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए सात वर्ष के सश्रम कारावास तथा सात हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया। वादी मुकदमा महेंद्र प्रताप सिंह ने थाना उदयपुर में 16 अप्रैल 2021 को तहरीर दी कि उसकी बहन रूबी सिंह की शादी 17 मई 2019 को अतुल सिंह के साथ हुई थी। शादी में उसने अपनी बहन को दो लाख रूपया नगद, डेढ़ लाख रुपए का गहना, फर्नीचर, पीतल का सामान, चैन, अंगूठी व घड़ी दिया था। इसके बाद भी उसके घर वाले उसे कम दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे और मारते फिरते थे। उसने घरवालों से दहेज मांगने के लिए मना किया तो उसकी बहन को मार डाले। मारने की साजिश में बहन के सास गुड़िया, ससुर रविंद्र सिंह, बहनोई अतुल सिंह थे। दौरान विवेचना पुलिस ने मात्र पति अतुल सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। दहेज में अतुल सिंह बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करते थे। 16 अप्रैल 2021 को सुबह उसके मोबाइल पर उसके बहनोई अतुल ने फोन किया कि तुम्हारी बहन ने फांसी लगा ली है। जब हम लोग पहुंचे तो उसकी बहन मृत्यु अवस्था पर बैठकर पड़ी थी। राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी अनिल मिश्र ने की।

## न्यायाधीश ने सिपाही पर कार्यवाही के लिये लिखा एसपी को पत्र

**प्रतापगढ़।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पंकज कुमार श्रीवास्तव ने एसपी को लिखे एक पत्र में कांस्टेबिल बलवंत यादव के खिलाफ न्यायालय में अमर्यादित आचरण किये जाने पर कार्यवाही करने का आदेष दिया है। यह कार्यवाही तीन दिन के अंदर करके न्यायालय को अवगत कराने को कहा है।

## नाराज वकीलों ने सीओ का किया घेराव, सीओ कार्यालय तक की नारेबाजी

**अखंड भारत संदेश**


**लालगंज प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री तथा अधिवक्ता पर प्राणघातक हमले मे फरार आरोपियो की गिरफ्तारी न होने को लेकर बुधवार को भी वकीलों का गुस्सा बरकरार दिखा। नाराज वकीलों ने तहसील परिसर में एसडीएम कोर्ट के सामने नारेबाजी करते हुए सीओ कार्यालय पहुंचकर सीओ का घेराव किया। बता दें कि संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी तथा तहसील के अधिवक्ता कुलदीप तिवारी पर पिछले सप्ताह लालगंज कोतवाली के रायगढ़ में आरोपियो ने जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास व लूट का मुकदमा दर्ज किया है। इनमें से एक आरोपी गांव के प्रधान बृजलाल उर्फ पिंटू को पुलिस जेल भेज चुकी है। वकील तीन अन्य आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी न हो पाने तथा आरोपियो पर गैगेस्टर न लगाए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## पान की दुकान में चोरी, दी तहरीर

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली के जलेसरगंज के समीप पुरवारा तिराहे पर पान की दुकान से ताला तोडकर चोरी किये जाने को लेकर पीडित ने पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली के जलेसरगंज निवासी कुसमाकर मिश्र पुत्र विद्याकांत मिश्र पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि 22 नवंबर की रात उसकी पान की दुकान का ताला तोड़कर दुकान मे रखे लगभग तीन हजार रुपए के सामान व पांच सौ रुपए की नकदी की चोरी हुई है। पीडित ने पडोस के एक आरोपी पर घटना के पहले गाली गलौज करते हुए दुकान यहां न चलाए जाने की धमकी की भी बात कही गयी है। पुलिस का कहना है तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



केपीएस फिएस्टा में अयोजित सास्कृतिक कार्यक्रम।



केपीएस फिएस्टा कार्यक्रम में भाग लेते पैरेन्स।

# केपीएस फिएस्टा 4 एनुअल स्पोर्ट्स मीट की विजेता बना केपीएस भरवारी

## केपीएस फिएस्टा 4 एनुअल स्पोर्ट्स मीट के तीसरे दिन हुआ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में चल रहे एनुअल स्पोर्ट्स मीट के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी कालेजों के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया बहुत ही आकर्षक कार्यक्रमों को बच्चों ने मंच के माध्यम से प्रस्तुत किया प्री प्राइमरी भीटी के बच्चों ने ओम साईं राम ग्रुप डांस के माध्यम से माता-पिता और बच्चों के स्नेहिल संबंधों को दशार्ने का प्रयास किया वहीं किड्जी के नन्हे नन्हे बच्चों ने बेटी और पिता के भावपूर्ण संबंधों को मंच के माध्यम से प्रदर्शित किया उपस्थित जनमानस की आंखों में अश्रु की धारा स्वयं बहने लगी इस प्रकार के मंचन को देख कर के ,वही केपीएस भरवारी के बच्चों ने राजस्थानी संस्कृति को मंच के माध्यम से दशार्ने की कोशिश किया ,एंडी जूनियर हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति को मंच के माध्यम से दिखाया कार्यक्रम में कृष्णा श्लोक,



केपीएस फिएस्टा में विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करते विद्यालय के चेयरमैन पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता

इंक्रेडिबल इंडिया, लोरी डांस ,डांडिया विद गरबा, फनी डांस, हॉरर एक्ट, पैट्रियोटिक स्किट, एक जिंदड़ी मोटिवेशनल डांस ,झांसी की रानी, मुकाबला डांस, स्टॉप चाइल्ड लेबर, एसिड अटैक, कृष्णा राधा होली जैसे कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई संस्थान के चेयरमैन पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने सभी अभिभावकों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया और अपने संबोधन में रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के बैनर तले अपने सभी कॉलेजों के बारे में चर्चा किया और भविष्य में कौशांबी के बच्चों के लिए यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा किया उन्होंने कहा कि संस्थान के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास करना हमारा परम कर्तव्य और लक्ष्य है जिसे मैं पूर्ण करने की पूरी कोशिश करूंगा कार्यक्रम में मुख्य तौर पर जिला अधिकारी सुजीत कुमार एसपी कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव एडीजे कुणाल जी और विधिक अधिकारी आभा जी ,योगेश मौर्या आदि उपस्थित रहे डीएम कौशांबी सुजीत कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल आज जिले का शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर है और अपने निरंतर शैक्षणिक उत्तरोत्तर वृद्धि में यह सतत क्रियाशील विद्यालय है वही पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विद्यालय कौशांबी जिले के छात्रों के लिए वरदान स्वरुप है और संजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में यह विद्यालय निश्चित तौर पर प्रगति के उत्तरोत्तर वृद्धि की ओर अग्रसर है वही डीजे कुणाल जी ने भी विद्यालय के बच्चों के कार्यक्रम को देखते हुए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा किया विधिक अधिकारी आभा जी ने भी संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता और उनकी पूरी टीम के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना किया और अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज और देश का विकास हो सकता है साथ ही किडजी केपीएस फाउंडर देव बाबू का केक काट कर जन्मदिन भी मनाया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ,रिद्धि सिद्धि कॉलेज आफ हायर एजुकेशन के डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा जिन्होंने कार्यक्रम का संचालन भी किया, साथ में केपीएस प्रिंसिपल रत्नाकर शर्मा केपीएस भीटी प्रिंसिपल प्रकाश एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज प्रिंसिपल दीपक मिश्रा किडजी प्रिंसिपल शिवांगी केसरवानी के साथ ही साथ संस्थान के सभी कॉलेजों के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं खेलकूद के कोच एवं अभिभावक आदि उपस्थित रहे।



केपीएस फिएस्टा में आयोजित सास्कृतिक कार्यक्रम।



केपीएस फिएस्टा में आयोजित सास्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं।

# सुप्रीम कोर्ट से बड़े हुए सीएमओ नहीं मानते एनजीटी का नियम

## योगी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ने भी कौशांबी की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर अभी तक पहल नहीं किया

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सरकारी कानून से बने सीएमओ सुप्रीम कोर्ट से बड़े हो गए हैं उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देश एनजीटी के नियमों के उल्लंघन में तनिक भय नहीं लग रहा है अग्निशमन विभाग द्वारा सीएमओ और डीएम को भेजे गए पत्र में नर्सिंग होम अस्पतालों को मानक विहीन करार दिया गया है किसी भी अस्पताल में एनजीटी के नियमों का पालन नहीं हुआ है फिर किस के निर्देश पर गलत तरीके से नर्सिंग होम अस्पताल के लाइसेंस जारी कर दिया गया है सब कुछ खुलासा होने के महीनों बाद भी एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पताल क्लीनिक नर्सिंग होम को सीज कर बंद नहीं कराया गया है फर्जी तरीके से लाइसेंस लेने वाले संचालको के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नही कराया गया है मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के किस बाबू ने नियमों के विपरीत अस्पतालों को लाइसेंस दिया है दोषी बाबू को भी चिन्हित नहीं किया गया है बताया जाता है कि एनजीटी के नियमों के विपरीत लाइसेंस देने वाला बाबू ट्रांसफर होने के बाद गायब हो गया है और रजिस्ट्रेशन की पत्रावली दूसरे लिपिक को नहीं दी है या फिर रजिस्ट्रेशन की पत्रावली नष्ट कर दी गई है एनजीटी के नियमों का उलंघन कर संचालित हो रहे अस्पताल क्लीनिक और नर्सिंग होम को बंद कराए जाने के बारे में अग्निशमन विभाग ने डीएम को भी पत्र भेजकर सूचना दी है लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी डीएम ने इस पत्र को गंभीरता से नहीं लिया है अब सवाल उठता है कि क्या मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुप्रीम कोर्ट से बड़े हो गए हैं और वह सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन नहीं कर रहे हैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन कराने की जिम्मेदारी किसकी है सीएमओ को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कराने के लिए पहल कौन करेगा एनजीटी के नियमों का पालन कैसे होगा या फिर सबकुछ अंधेर नगरी चौपट राजा की तरह कौशांबी में चलता रहेगा योगी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ने भी कौशांबी की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर अभी तक पहल नहीं किया है।

## कोखराज पुलिस ने मनाया झंडा दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** थाना कोखराज में एसओ कोखराज तेज बहादुर सिंह चन्देल ने सभी पुलिस कर्मियों के साथ पुलिस झंडा दिवस समारोह मनाया है पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर इस्पेक्टर राकेश कुमार, चौकी इंचार्ज मूरतगंज राकेश राय, चौकी इंचार्ज शहजाद पुर सुमित आनन्द ,भरवारी चौकी इंचार्ज सियकान्त चौरसिया, मो जमीर खान, महेन्द्र नाथ सिंह,अनूपम सिंह,जितेन्द्र सिंह, भोला नाथ धीरेन्द्र,श्याम धरपाल, शुक्ला,यादव,आशीष कुमार मौर्य,आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे एसओ कोखराज ने सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस प्रतीक चिन्ह लगा कर शुभकामनाएं दी।

## भांग ठेकेदार का सेल्समैन गया जेल निरस्त नही हुआ ठेका

**कौशांबी।** भांग के ठेके से गांजा बेचने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने चायल सर्किल क्षेत्र के भांग ठेकेदार के सेल्समैन को जेल भेज दिया है लेकिन अभी तक भांग ठेकेदार की गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की है दिहाड़ी पर मजदूरी करने वाले लोगों को जेल भेजकर पुलिस गांजे के कारोबार को बंद करने का दम भर रही है जबकि माफियाओं से थाना पुलिस गठजोड़ कर रही है आखिर भांग ठेके के भीतर से गांजा बिकने में सेल्समैन की गिरफ्तारी के बाद भांग ठेकेदार बेकसूर कैसे कहा जा सकता है आबकारी विभाग ने भांग ठेके से गांजा बेचने के मामले में भांग ठेका को निरस्त नहीं किया है उस पर नियमों का उल्लंघन करने का मुकदमा नहीं दर्ज कराया है जिससे आबकारी विभाग और थाना पुलिस की घोर लापरवाही से इनकार नहीं किया जा सकता भांग ठेकों से गांजा बेचने की प्रमाणिकता के बाद भी गांजे के कारोबार में लगे माफियाओं को बचाने की कवायद शुरू है इस संबंध में जब आबकारी अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने पूरे प्रकरण से अनभिज्ञता जाहिर की है।

# ग्राम प्रधान के ठेंगे पर है सीडीओ का आदेश

## डिप्टी सीएम के निर्देश पर लगाए गए हैंड पंप में भी धांधली करने से बाज नहीं आए ग्राम प्रधान और अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से गांव के लोगों ने बोदाहा तालाब के पास हैंडपंप लगाए जाने की मांग किया था डिप्टी सीएम ने सीडीओ को हैंडपंप लगाने का निर्देश दिया था जिस पर जल निगम ने ग्राम प्रधान अहिरारा के माध्यम से हैंडपंप तो लगा दिया है लेकिन हैंडपंप लगाने में जमकर धांधली हुई है जिससे हैंडपंप पानी नहीं उगल रहा है हैंड पंप में मानक के अनुरूप पाइप नही डाला गया जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी कौशांबी को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दे कर किया कि जो हैंड पंप कल्यानपुर में डिप्टी सीएम के आदेश पर लगवाया गया था उसमे धन का घपला करके सामान कम लगाया गया है जिससे हैंड पंप काफी चलाने के बाद पानी निकलता है। उक्त शिकायत को मुख्य विकास अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए 19 नवंबर 2022 को स्वयं एवं खंड विकास अधिकारी सिराथू के साथ मौके पर हैंड पंप की शिकायत की हकीकत देखी तो शिकायत कर्ता की शिकायत सही निकली मौके पर सीडीओ ने ग्राम प्रधान को आदेशित किए कि हैंड पंप में जो भी कमी है तुरंत मानक के अनुरूप सही कराए।लेकिन पांच दिन बीतने के बाद भी कोई कार्य हैंड पंप में नहीं किया गया इससे यही साबित होता है की सीडीओ का आदेश ग्राम प्रधान के ठेंगे पर है प्रधान सीडीओ का आदेश नही मानते खराब हैंड पंप का कार्य नहीं कराया अब देखते है कि विकास के दोनो मुखिया ग्रामीणों की शिकायत पर क्या करते है या फिर ग्राम प्रधान को ऐसे ही भ्रष्टाचार करने की छूट देते है।

## सड़को के बड़े गड्ढों को गड्ढा मुक्त करने के नहीं मिले निर्देश

**लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का दावा गड्ढा मुक्त हो गई सड़क**

**कौशांबी।** योगी सरकार ने 30 नवंबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश दिया है जिले में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता हरिवंश सिंह का दावा है कि 108 किलोमीटर सड़कों को गड्ढा मुक्त करना था 90% सड़कें गड्ढा मुक्त हो गई हैं शेष सड़कें 25 नवंबर तक गड्ढा मुक्त हो जाएंगी इसी तरह लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता का दावा है कि 116 किलोमीटर सड़क गड्ढा मुक्त करनी थी और पूरी सड़क गड्ढा मुक्त हो गई है प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिशासी अभियंता अविनाश यादव का दावा है कि 130 किलोमीटर की 20 सड़क को गड्ढा मुक्त किया जाना था और संपूर्ण सड़क गड्ढा मुक्त हो गई हैं लेकिन जिले में तमाम निमार्णाधीन सड़क सुंदरीकरण सड़कें और चौड़ीकरण सड़कें वर्षों बीत जाने के बाद भी निर्मित नहीं हो सकी है इन सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं आखिर इन सड़कों में जो बड़े-बड़े गड्ढे हैं क्या योगी सरकार ने बड़े गड्ढों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश नहीं दिया था जिले की दर्जनों सड़कें अभी भी गड्ढे में तब्दील है लेकिन अधिकारी गड्ढा मुक्त का दावा कर रहे हैं।

# पुलिस झंडा दिवस पर एसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ मनाया पुलिस झंडा दिवस

## जिले के प्रत्येक पुलिस थाना में पुलिस झंडा दिवस का मनाया गया कार्यक्रम

**यूपी डीजीपी का वीडियो संदेश एसपी कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सुनाया/बताया व कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** यूपी पुलिस के इतिहास में 23 नवम्बर का दिन विशेष महत्व रखता है, इस दिन को ह्यपुलिस झंडा दिवसह्ल के रूप में मनाती है। 23 नवम्बर 1952 के बाद प्रति वर्ष सैनिक कल्याण के लिए झंडे के स्टीकर जारी किए जाते हैं। पुलिस झंडा दिवस यानि प्रति वर्ष 23 नवंबर को पुलिस मुख्यालयों व कार्यालयों, क्वार्टर गार्द, थानों, भवनों व कैम्पों पर पुलिस ध्वज फहराए जाते हैं। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुलिस ध्वज का प्रतीक (स्टीकर) वर्दी की बांई जेब के ऊपर लगाया जाता है। यह सिलसिला 23 नवंबर 1952 से लगातार जारी है। ध्वज को धर्म की अधर्म पर विजय की प्रेरणा के तौर पर माना जाता है। ध्वज कर्तव्य का पाठ और मूल्यों के लिए संघर्ष, समर्पण सिखाता है। चूंकि पुलिस



झंडा दिवस के अवसर पर कर्तव्यनिष्ठा की शपथ लेते पुलिसकर्मी।

या सेना भी समाज में बुराई को दंडित कराने और अच्छाई जीवित रखने के लिए, बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए कार्य करती है, इसीलिए पुलिस को उनके शौर्य के लिए सम्मानित करते हुए 23 नवम्बर 1952 को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को ह्यपुलिस कलरह्ल (पुलिस ध्वज) प्रदान किया था। उत्तर प्रदेश पुलिस 23 नवंबर को अपने लिए गौरवशाली दिन के रूप में मनाती है। यूपी डीजीपी का वीडियो संदेश एसपी कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सुनाया/बताया व कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे। इसी तरह जिले के प्रत्येक पुलिस थाना में पुलिस झंडा दिवस का कार्यक्रम मनाया गया है।

# अवैध अस्पतालों में हो रही मौत के बाद किस पर दर्ज होगा मुकदमा

## एनजीटी के नियम के विपरीत चल रहे अस्पतालों को बंद कराने की अग्निशमन विभाग ने महीनों पूर्व डीएम सीएमओ से की सिफारिश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में स्वास्थ्य विभाग में दर दर पर कानून नियम का उल्लंघन हो रहा है मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवैध कार्यों में लगे लोगों पर कार्यवाही करने से भय खा रहे हैं जिसके चलते अवैध तरीके से अस्पतालों का संचालन बन्द नही हो रहा है जहां इलाज के दौरान बेवजह मरीजों की मौत हो रही है अस्पतालों से लेकर सीएमओ कार्यालय तक आंकड़े गायब कर दिए जाते हैं आखिर बेवजह मरीजों की मौत के बाद मौत का जिम्मेदार कौन होगा मौत के बाद मुकदमा किस पर दर्ज होगा इस सवाल का जवाब देने वाला कोई नहीं है ।

जिले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद अवैध क्लीनिक नर्सिंग होम झोलाछाप डॉक्टरों के अस्पताल में मरीजों का इलाज करने में बाढ़ आ गई है एनजीटी के द्वारा बनाए गए नियमों के विपरीत क्लीनिक और अस्पतालों का संचालन नही हो रहा है अवैध अस्पतालों में स्प्रिंकलर सिस्टम ऑटोमेटिक नहीं लगाए गए हैं अंदर ग्राउंड पानी के टैंक नहीं लगाए गए हैं ओवरहेड टैंक नहीं लगाए गए हैं पंप जनरेटर प्रेशर मशीन की व्यवस्था नहीं है बिजली से चलाने के लिए पंप प्रेशर मशीन भी नहीं लगाई गई है सायरन पॉइंट फायर एक्सटिंग्विशर आदि सिस्टम निजी अस्पतालों में नहीं लगे हैं।

वर्ष 2016 में नेशनल बिल्डिंग कोड बनाए जाने के बाद नियमों के विपरीत अस्पतालों को लाइसेंस दिए गए हैं स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2016 के बाद सैकड़ों अस्पतालों के लाइसेंस हेराफेरी कर जारी किए गए जिनमें एनजीटी के नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया गया है आखिर किस अधिकारी और कर्मचारी के दबाव में तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी और लिपिक ने अवैध संचालन को बढ़ावा दिया है अग्निशमन विभाग द्वारा जिला अधिकारी को 15 अक्टूबर को पत्र भेजकर एनजीटी के नियमों के विपरीत संचालित हो रहे अस्पतालों को बंद कराने की सिफारिश की है सीएमओ को भी अग्निशमन विभाग ने अवैध अस्पताल को बंद कराने के लिए पत्र भेजा है जिस पर सीएमओ ने फायर विभाग को वापस पत्र देकर पूछा है कि फिर इन अस्पतालों को बंद कर दिया जाए लेकिन अस्पतालो को बंद नहीं किया गया है जिससे अवैध क्लीनिक और अवैध अस्पतालों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मोह माया का अंदाजा लगाया जा सकता है अब सवाल उठ रहा है कि अवैध तरीके से संचालित नर्सिंग होम क्लीनिक अस्पताल में मरीजों की मौत के बाद किस पर मुकदमा दर्ज होगा लेकिन इस बात का उत्तर देने वाला कोई नहीं है अवैध अस्पतालों के संचालन के बाद इलाज के दौरान मरीजों की हो रही मौत के मामले में सांसद विधायक और मंत्री ने भी चुप्पी साध रखी है जिससे मुख्य चिकित्सा अधिकारी का मनोबल बढ़ा हुआ है और अवैध अस्पतालों के संचालन में सीएमओ योगी सरकार के नियमों को चुनौती दे रहे हैं अस्पतालों के अभिलेख निशांत बाबू का पास था उनका स्थानांतरण हो गया जिसके बाद से अभिलेख विभाग में मौजूद नहीं है लेकिन उसके बाद भी अभिलेख खोजने का प्रयास नहीं किया गया दोषी जनों पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया गया बताया जाता है कि सीएमओ साहब के आगे पीछे चक्कर लगाने वाला एक लिपिक पूरी अस्पताल की व्यवस्था से करोड़ों की अवैध वसूली में ब्यस्त है जिससे अवैध अस्पताल अवैध क्लीनिक अवैध नर्सिंग होम पर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है।

## निर्वाचक नामावली संबंधित स्थानों पर जनसामान्य के निरीक्षण के लिए उपलब्ध

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी, कौशाम्बी ने अवगत कराया है कि इलाहाबाद - झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली दिनांक 23 नवंबर 2022 से आलेख रूप में प्रकाशित कर दी गई हैं। निर्वाचक नामावली संबंधित स्थानों पर जनसामान्य के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

# खाने को रोटी नहीं पहनने को धोती नही रहने को आशियाना नही कहा से लाय बीस हजार रुपए देने के लिए

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के अंतर्गत चमंधा गांव के माजरा बेल्हा का रहने वाला एक बेहद गरीब व्यक्ति चौबे लाल हैं जो कि मोची का काम करके किसी तरह परिवार का पालन पोषण करता हैं 'यह की उक्त गरीब व्यक्ति ने कोरोना काल से पहले प्रधान मंत्री आवास का लाभ लेने के लिए प्रार्थना पत्र नगर पालिका भरवारी मे दिया था परंतु आज तक उसे प्रधान मंत्री आवास का लाभ नहीं मिल सका।

जिसके वजह से गरीब चौबे लाल इस भयंकर जाड़े में खुले आसमान के नीचे जीने को मजबूर हैं इतना ही नही कितने बार वह नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय गया उससे बीस हजार रुपए की मांग की गई जिसको देने में उसने असमर्थता व्यक्त की जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा हैं 'ऐसे मे जिस गरीब मोची चौबे लाल की बात की जा रही हैं वह किसी तरह लोगो की चप्पल जूता सिलकर परिवार का पेट पाल रहा है जो बहुत ही मुश्किल हैं दिन भर मे सौ पचास रुपए कामना मुश्किल हैं वह कहा से बीस हजार रुपए कर्मचारी को दे पाएगा।

जिसके पास खाने को रोटी नहीं पहनने को धोती नही सर छिपाने को उपर छत नही वह कैसे दिन रात काट रहा होगा ' ऐसे मे कहा गई योगी सरकार का फरमान प्रधान मंत्री आवास गरीब योजना का लाभ या वास्तव मे जो पात्र हैं उनको नही मिलता आवास अपात्र को मिल रहा हैं आवास 'ऐसे मे जिलाधिकारी कौशांबी ने जांच कराई तो कितनो की नौकरी जा सकती हैं मोची चौबे लाल ने बताया कि मैं थक हार गया इस झूठे आश्वासन से वाह रे योगी सरकार तेरी योजना पर दाग लगाते नगर पालिका परिषद के कर्मचारी आखिर कब मिलेगा गरीब को आवास कब होगी अपात्रों की जांच यह बड़ा सवाल हैं।

## करोड़ों का बजट लेकर आधी निर्मित सड़क छोड़कर भागा ठेकेदार

**एक सड़क का नहीं पूरा हुआ कार्य दूसरे सड़क का कर दिया गया ठेका**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर जैसे अति महत्वपूर्ण स्थान की सड़कें गड्ढों में तब्दील है मरम्मत नहीं हो पा रही है चौड़ीकरण के नाम पर करोड़ों का बजट अधिकारी ठेकेदार को मुक्त कर कमीशन खोरी में मशगूल है मंझनपुर तहसील के पास से नए रोडवेज बस स्टॉप तक सड़क की मरम्मत कराया जाना था लेकिन मरम्मत के बजाय अधिकारियों ने इसे चौड़ीकरण में डाल दिया और इस सड़क को 2 खंड में करके ठेकेदारों को कार्य सौंप दिया आधी सड़क में वर्षों पहले बोल्डर ठेकेदार ने डाल दिया सूत्रों की मानें तो करोड़ों का भुगतान ठेकेदार को कर दिया गया और ठेकेदार फरार हो गया इसी सड़क में अपनी कमियों को छिपाने के लिए अधिकारियों ने रोडवेज बस स्टॉप से पाता पीसीओ तक डेढ़ किलोमीटर सड़क दो करोड़ 54 लाख में सड़क निर्माण का टेंडर कर दिया इस सड़क के निर्माण के मामले में अधिकारियों का कहना है कि कुछ दिनों में सड़क का निर्माण पूर्ण हो जाएगा लेकिन सवाल उठता है कि इसी के साथ जो वर्षों पूर्व तहसील तक सड़क निर्माण शुरू हुआ है वह अभी क्यों नहीं पूरा हो सका है इस सड़क में ठेकेदार को करोड़ों का भुगतान किए जाने के बाद अधूरी सड़क छोड़कर भागने वाले ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कराकर उसकी गिरफ्तारी क्यों नहीं कराई गई है इन तमाम सवालों के जवाब देने में अधिकारी बगले झांकने लगते हैं योगी सरकार के निर्देश के बाद भी यह सड़क गड्ढा मुक्त नही हो सकी है।

संपादकीय

# ईरान में हिजाब पर जन आक्रोश

**ईरान** में हिजाब के मामले ने जबरदस्त तूल पकड़ लिया है। पिछले दो माह में 400 लोग मारे गए हैं, जिनमें 58 बच्चे भी हैं। ईरान के गांव-गांव और शहर-शहर में आजकल वैसे ही हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, जैसे कि अब से लगभग 50 साल पहले शंहशाहे-ईरान के खिलाफ होते थे। इसके कारण तो कई हैं लेकिन यह मामला इसलिए भड़क उठा है कि 16 सितंबर को एक मासा अमीनी नामक युवती की जेल में मौत हो गई। उसे कुछ दिन पहले गिरफ्तार कर लिया गया था और जेल में उसकी बुरी तरह से पिटाई हुई थी। उसका दोष सिर्फ इतना था कि उसने हिजाब नहीं पहन रखा था। हिजाब नहीं पहनने के कारण पहले भी कई ईरानी स्त्रियों को बेइज्जती और सजा भुगतनी पड़ी है। कई युवतियों ने तो टीवी चैनलों पर माफी मांग कर अपनी जान बचाई। यह जन आक्रोश तीव्रतर रूप धारण करता जा रहा है। अब लोग न तो आयतुल्लाहों के फरमानों को मान रहे हैं और न ही राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के धमकियों की परवाह कर रहे हैं। ईरानी फौज के प्रमुख मेजर जनरल हुसैन सलामी ने पिछले दिनों एक बयान में कहा है कि यह जन आक्रोश स्वाभाविक नहीं है। ईरान की जनता पक्की इस्लामी है। वह हिजाब को बेहद जरूरी मानती है लेकिन अमेरिका, सऊदी अरब, यू.ए.ई. और इजरायल जैसे ईरान-विरोधी देशों ने ईरानी जनता को भड़का दिया है। लेकिन असलियत तो यह है कि ईरान में इस्लामी राज्य शुद्ध डंडे के जोर पर चल रहा है। 80 प्रतिशत से भी ज्यादा जनता वहां हिजाब के विरुद्ध है। पिछले 50-55 साल में मुझे ईरान में कई बार रहकर पढ़ने और पढ़ाने का मौका मिला है। शहंशाह के जमाने में ईरान की महिलाएं अपनी वेशभूषा और व्यवहार में यूरोपीय महिलाओं से भी अधिक आधुनिक लगती थीं लेकिन ईरान के दर्जनों गांवों में मैं तब भी हिजाब, नकाब और बुर्काधारी महिलाओं को जरूर देखता था। जब से आयतुल्लाह खुमैनी का शासन (1979) ईरान में आया है, ईरानी महिलाओं का दम घुट रहा है। पहले भी दो बार इस तथाकथित इस्लामी शासन के खिलाफ बगावत का माहौल बना था लेकिन अमीनी का यह मामला इतना तूल पकड़ लेगा, इसका किसी को अंदाज भी नहीं था। दो दिन फुटबाल के विश्व कप टूनार्मेंट में ईरान की टीम ने अपने राष्ट्रगीत को गाने से भी मना कर दिया था। ईरानी लोग अपनी इस टीम को राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक मानते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला और लोकल फॉर वोकल

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**अंतरराष्ट्रीय** व्यापार मेला इस मायने में महत्वपूर्ण है कि इस साल देश में आजादी का अमृत महोत्सव भी मनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला की अपनी विशिष्ट पहचान है। समूचे देश की झलक यहां देखने को मिल जाती है। इस बार खास बात यह है कि लोकल, वोकल और ग्लोबल को इस मेले में साकार किया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि इस दफा व्यापार मेले में 95 प्रतिशत उत्पाद स्वेदशी (भारतीय) इसका सीधा अर्थ है कि यहां लोकल फॉर वोकल की थीम साकार हो रही है। देशी-विदेशी दर्शकों को यह उत्पाद भा भी खूब रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मई, 2020 में देश के नाम संबोधन में 20 लाख करोड़ रुपये का पैकेज देने की घोषणा के साथ ही लोकल, वोकल और ग्लोबल का संदेश दिया था। तब लोगों ने यह नहीं सोचा था कि इस संदेश का असर इतना गहरा है। बहुत कम समय में यह संदेश समूचे देश की आवाज बन गया। यह हमारी अर्थव्यवस्था की खूबसूरती ही ही है कि स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे कुटीर उद्योग हमारी परंपरा से चलते आए हैं। इसके साथ ही औद्योगिकरण के दौर में स्थानीय स्तर पर जो औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुए वे स्थानीय जरूरतों खासतौर से खाद्य सामग्री की आपूर्ति में पूरी तरह से सफल रहे हैं और यही कारण रहा कि कोरोना काल में सब कुछ थम जाने के बावजूद देश में कहीं भी खाद्य सामग्री की सप्लाई चेन नहीं टूटी। यहां तक कि दुनिया के देशों के लिए दवा की आपूर्ति करने में सफल रहे। बल्कि कोरोना का टीका उपलब्ध कराकर भारत की साख को और अधिक मजबूत किया। यह अपने आप में बड़ी बात है। मई 2020 के संदेश में प्रधानमंत्री ने स्थानीय उत्पादों को अपनाने का संदेश देने के साथ ही उसकी आवाज बनने का यानी की उसके प्रचार-प्रसार में सहभागी बनने का संदेश भी दिया था। अब अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में स्थानीय उत्पाद को वैश्विक मंच पर पहुंचा कर यह साफ कर दिया गया है कि बदलते दौर में स्वदेशी ही आर्थिक समस्याओं का बड़ा समाधान है। इससे निश्चित रूप से विदेशी का मोह भी कम होगा। महात्मागांधी की 150 वीं जयंती समारोह और उसके बाद जयपुर में आयोजित ग्लोबल खादी कॉन्फ्रेंस में भी यही संदेश दिया गया। ग्रामोद्योग को अपनाने के लिए कहने के साथ ही खादी उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी गई। राजनीतिक प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि आज देश और विदेश में खादी ब्रांड बनकर उभरी है और लोगों की पसंद बनने लगी है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में लकड़ी और मिट्टी के बने उत्पादों की जबरदस्त मांग है। यह प्रकृति से जुड़ने और पर्यावरण के प्रति सजगता की पहचान है। लोग अपनी जड़ों की ओर लौट रहे हैं। इसकी वजह यह है भी है कि उत्पादों को आज की जरूरत के हिसाब से तैयार किया जा रहा है। लोग जूट के उत्पाद भी खरीद रहे हैं। जड़ी-बूटियों पर भी जन विश्वास बढ़ा है। बदलते हालात में देश के सामने नए अवसर आए हैं। स्थानीय उत्पाद ग्लोबल पहचान बन रहे हैं। यह देश और देश की अर्थव्यवस्था के लिए नया अवसर है।

# आरबीआई की चिंता को समझें नगरीय निकाय

**लालजी जायसवाल**

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पहली बार 27 राज्यों के सभी नगरीय निकायों की माली हालात पर विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट जारी की है। साथ ही इनकी खराब वित्तीय स्थिति पर चिंताजनक टिप्पणी की है। यह रिपोर्ट नगर निकायों की वर्ष 2017-18 से लेकर 2019-20 तक के वित्तीय खाते की पड़ताल के बाद 10 नवंबर को जारी की गई है। इसमें साफ किया गया है कि तमाम कोशिशों के बावजूद नगरीय निकाय अपना राजस्व बढ़ाने का कोई ठोस तरीका नहीं निकाल पा रहे हैं। इस रिपोर्ट से इन निकायों के साथ ही राज्य सरकारों को भी सावधान हो जाने की जरूरत है। आने वाले समय में राज्य सरकारों को अपने नगर निकायों की वित्तीय दशा सुधारने को लेकर गंभीरता का परिचय देना होगा, क्योंकि शहर ही विकास के वाहक होते हैं। वास्तविकता में यदि स्थानीय निकायों की स्थिति नहीं सुधरी तो वे समस्याओं से सदैव घिरे रहेंगे। चिंता की बात यह है कि इसके दुष्परिणाम स्वरूप शहरों में रहन-सहन का स्तर तो प्रभावित होगा ही, वे अर्थव्यवस्था को संबल भी प्रदान नहीं कर सकेंगे।

रिजर्व बैंक के अनुसार हमारे नगर निकाय वित्तीय रूप से इतने दुर्बल हैं कि उनका बजट ब्रिक्स देशों के स्थानीय निकायों की तुलना में बहुत कम है। इसका मतलब यह है कि हमारे शहर इस संगठन यानी ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका और चीन के शहरों की तरह प्रगति कर पाने में नाकाम हैं। आखिर जब उनके पास पर्याप्त धन ही नहीं होगा तो वे स्वयं का विकास कैसे कर सकते हैं? भारतीय रिजर्व बैंक ने राजस्व के जिन नए स्त्रोतों की बात की है वह शहरों में रहने वाली आबादी को थोड़ी महंगी पड़ सकती है, क्योंकि इसमें खाली जमीन पर टैक्स लगाने, भवनों के विस्तार या उनके आधुनिकरण को लेकर नई टैक्स व्यवस्था करने, भवनों से ज्यादा जमीन पर टैक्स लगाने, राज्य सरकार की तरफ से वसूली गई स्टांप ड्यूटी में नगर निगमों को ज्यादा हिस्सेदारी देने, नगर निगमों को निजी क्षेत्र के साथ मिल कर साझेदारी कर विकास करने जैसे सुझाव शामिल हैं। लेकिन इससे जनता पर कर का प्रभाव पड़ेगा और उनको महंगाई की मार सहनी पड़ सकती है। इसलिए यहां सोच विचार कर कदम उठाना होगा। वर्ष 2050 तक देश के नगरों में रहने वाले लोगों की संख्या बहुत ज्यादा हो जाएगी और देश के जीडीपी में भी उनका अहम हिस्सा होगा।?लेकिन सवाल यह है कि क्या हम स्वयं को उनके समायोजन के लिए तैयार पा रहे हैं? वर्ष 2010 से 2050 के बीच भारत की शहरी आबादी में करीब 50 करोड़ लोगों के और शामिल हो जाने की उम्मीद है। मालूम हो कि वर्ष 2011 में देश की शहरी आबादी करीब 37.7 करोड़ की थी। इसका मतलब यह हुआ कि मौजूदा स्तर पर ही जहां शहरी आवासीय व्यवस्था, बुनियादी सुविधाएं, जलापूर्ति, बिजली, परिवहन आदि की इतनी किल्लत है, वहीं उस वक्त तक इनकी जरूरत बढ़कर दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। ऐसे में मानक में सुधार तथा विस्तार को लेकर कुछ जरूरी सुधारों की अनुमति देना भी पर्याप्त कदम होंगे। अक्सर कहा जाता है कि प्रभावी शासन की कमी के कारण भारतीय शहरों की स्थिति खराब है। लेकिन इसका उल्टा भी सच है। जैसे भारतीय शहर का डिजाइन और इसके बाद के अराजक विकास और भ्रष्टाचार स्वयं ही त्रुटिपूर्ण शासन का निर्माण करते हैं। गौर करने लायक बात यह है कि नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति कमजोर होने का तथ्य एक ऐसे समय में सामने आया है, जब शहरीकरण के साथ ही शहरों की जनसंख्या भी तेजी से बढ़ रही है। यदि शहरों का बुनियादी ढांचा नहीं सुधरा तो वे आबादी के बढ़ते बोझ को वहन करने में समर्थ नहीं होंगे। लिहाजा इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि कमजोर बुनियादी ढांचे वाले शहर आर्थिक रूप से अपेक्षित प्रगति नहीं कर सकते। यदि देश को आर्थिक रूप से सबल बनाना है तो शहरों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना ही होगा। यह काम तभी संभव है, जब स्थानीय निकाय वित्तीय रूप से सबल हों। चूंकि हमारे छोटे-बड़े शहरों के स्थानीय निकाय लालफीताशाही और भ्रष्टाचार से ग्रस्त हैं, इसलिए वे वैसे बुनियादी ढांचे का निर्माण करने में असमर्थ हैं। खैर, असल मुद्दा केवल वित्तीय जरूरत ही नहीं है बल्कि विकास और सुधार की बढ़ती चुनौती को लेकर हमारे शहरी प्रशासन और प्रबंधन की तैयारी भी है। वैसे आने वाले समय में भारत में झुग्गी बस्ती जैसे माहौल को बरदाश्त कर पाना आसान नहीं होगा। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए कुछ बड़े बदलावों की आवश्यकता होगी। शहरी भूमि बाजार में आमूलचूल बदलाव लाना होगा ताकि लेनदेन को पारदर्शी बनाया जाए और जमीन का तार्किक इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके। भवन निर्माण और योजनागत प्रतिबंधों पर नए सिरे से व्यापक पुनर्विचार होना चाहिए ताकि अधिक सुगठित, कम परिवहन वाले और ईंधन की कम खपत वाले शहर विकसित किए जा सकें। इसके अलावा शहरी प्रशासन का विकेंद्रीकरण और सशक्तिकरण भी करना होगा। गौरतलब है कि शहरी सुधारों में सबसे महत्वपूर्ण तत्व प्रशासन ही है। लेकिन चिंता की बात है कि हमारे शहरी प्रशासन एक तरह से शक्तिहीन हैं और राज्यों की राजधानियों के मंत्रालय ही वित्त, खर्च और योजना से संबंधित सभी प्रमुख फैसले लेते हैं।



**करीब-**
**करीब वर्ष 2050 तक हमारी जीडीपी का अधिकांश हिस्सा शहरों में पैदा होगा और अगर वे शहर पूरी तरह सशक्त स्थानीय प्रशासन वाले नहीं हुए और उनको योजना और खर्च में पूरी स्वायत्तता नहीं मिली तो यह विकास की राह में सबसे बड़ा बाधा होगा। वैसे प्रभावी शहरी प्रशासन के अनेक घटक हैं। जैसे एक उद्यमिता वाला मेयर होना चाहिए**

करीब-करीब वर्ष 2050 तक हमारी जीडीपी का अधिकांश हिस्सा शहरों में पैदा होगा और अगर वे शहर पूरी तरह सशक्त स्थानीय प्रशासन वाले नहीं हुए और उनको योजना और खर्च में पूरी स्वायत्तता नहीं मिली तो यह विकास की राह में सबसे बड़ा बाधा होगा। वैसे प्रभावी शहरी प्रशासन के अनेक घटक हैं। जैसे एक उद्यमिता वाला मेयर होना चाहिए, नागरिकों की आवाज उठाने के लिए स्थानीय समितियां, जमीन के इस्तेमाल के स्वरूप में बदलाव की कवायद में पारदर्शिता हो, अनुबंधों के बारे में खुली सूचना की व्यवस्था भी करना जरूरी होगा। म्युनिसिपल बॉन्ड से पैसा जुटानाः बॉन्ड एक तरह के क्रेडिट पत्र होते हैं, जिसके तहत आम लोगों या संस्थाओं से पैसे जुटाए जाते हैं। बॉन्ड जारी करने वाली संस्था एक निश्चित समय के लिए रकम उधार लेती है और निश्चित रिटर्न के साथ पैसे वापस करने की गारंटी देती है। ये निवेशकों के लिए निश्चित आय का अच्छा साधन होता है। मालूम हो कि नगर निगम बॉन्ड नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया जाता हैं। शहर में विकास के कार्य को जारी रखने के लिए बड़े पैमाने पर फंड की जरूरत होती है। सरकार से पैसा लेने की बजाए बॉन्ड से पैसा जुटाना अच्छा विकल्प साबित हो रहा है। पिछले समय में उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के बॉन्ड को शेयर बाजार में लिस्ट कराया था। लखनऊ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन बॉन्ड जारी करने वाला उत्तर भारत का पहला नगर निगम है। इस बॉन्ड के माध्यम से जुटाई गई धनराशि को राज्य की राजधानी में विभिन्न बुनियादी ढांचागत योजनाओं में निवेश किया जाएगा। म्युनिसिपल बॉन्ड में निवेश करने पर लॉन्ग टर्म में फिक्स रिटर्न भी मिलता है। शेयर बाजार में लिस्ट होने के बाद इसमें आम लोग एक्सचेंजों के जरिए निवेश भी कर सकते हैं। खास बात तो यह है कि इन बॉन्ड पर निवेशक को मिलने वाला रिटर्न पर आयकर नहीं लगता है। इसकी रेटिंग एजेंसियों से रेटिंग जारी होती है, इसलिए इन्हें सुरक्षित निवेश भी माना जाता है। बहरहाल, अभी तक कुल 11 नगरीय बॉन्ड जारी किए गए हैं, जिनसे करीब 3690 करोड़ रुपये जुटाये गये हैं। लेकिन ध्यातव्य है कि इसके पहले अमरावती, विशाखापत्तनम, अहमदाबाद, सूरत, भोपाल, इंदौर, पुणे, हैदराबाद जैसे शहरों के भी म्युनिसिपल बॉन्ड आ चुके हैं। उल्लेखनीय है कि बीएसई बॉन्ड प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हुए लखनऊ नगर निगम ने पिछले समय में इस बॉन्ड के लिए प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिये 200 करोड़ रुपये जुटाए थे। इसका मतलब यह है कि बॉन्ड को जनता के लिए जारी करने से पहले ही कुछ बड़ी संस्थाओं से यह रकम जुटा ली गई। लिहाजा, वर्तमान में म्युनिसिपल बॉन्ड नगरीय निकायों के वित्त व्यवस्था का अच्छा माध्यम साबित हो सकता है। लेकिन अभी कुछ विशेष सुधार पर काम करना होगा। शहरीय निकायों के लिए किया गया 74 वें संविधान संशोधन में अभी और सुधार अपेक्षित है। लिहाजा नगरीय निकायों को और अधिक शक्तिशाली बनाना होगा। इससे होगा यह कि उनकी निर्भरता दूसरों पर से कम होगी और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगी। आत्मनिर्भरता से आर्थिक समृद्धि आएगी और विकास की राह भी खुलेगी।

# उत्तर प्रदेशः पर्यटन से लगेंगे विकास के पंख

**मृत्युंजय दीक्षित**

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** भीअपनी लोकप्रियता के कारण हिमाचल और गुजरात में जम कर चुनाव प्रचार कर रहे हैं किन्तु उनकी दृष्टि एक पल के लिए भी अपने प्रदेश के विकास कार्यक्रमों से नहीं हटती, वे इस व्यस्तता के बीच भी प्रदेश के विकास के लिए नई नीतियों पर विचार मंथन करते हुए उन्हें अनुमति प्रदान कर रहे हैं। प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार सुधार की ओर अग्रसर है अतः अब प्रदेश सरकार एक ट्रिलियन डॉलर (10 खरब अमेरिकी डॉलर) की अर्थ व्यवस्था का लक्ष्य लेकर निवेश को गति प्रदान करने का काम कर रही है। इस दिशा में कई नीतिगत प्रयास हो रहे हैं और प्रदेश की नई पर्यटन नीति भी इसी का एक अंग है जो निवेशकों को आकर्षित करने का काम करेगी। प्रदेश सरकार की नई पर्यटन नीति बहुआयामी विकास को धार देने वाली है और यदि इसको सही ढंग से धरातल पर उतारा गया तो प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन नई ऊर्चाइयों को छूने जा रहा है। पर्यटन को बढावा देने के लिए भी निवेशकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आकर्षित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने नई पर्यटन नीति में 22 नई गतिविधियों को जोड़ा है जिसमें बजट होटल, हेरिटेज होटल, स्टार होटल, हेरिटेज होम स्टे, इको टूरिज्म की ईकाइयां, कारवां टूरिज्म, यूनिट, प्रदर्शनी, तीर्थयात्रा, धर्मशालाएं, वेलनेस रिसार्ट, आल वेदर सीजनल कैंप, जलाशय, झील, वेलनेस टूरिज्म तथा एडवेंचर टूरिज्म को भी शामिल कर लिया गया है। अब पर्यटन का विकास गांवों तक किया जायेगा। प्रत्येक गांव में किसी प्राचीन मंदिर ,धरोहर व महापुरूषों से संबंधित स्थलों को चिन्हित करके उस गांव का भी विकास किया जाएगा। अमृत सरोवरों के माध्यम से भी पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। जिस प्रकार प्रदेश सरकार ने एक जिला – एक उत्पाद योजना पर काम किया है उसी प्रकार अब एक जिला एक पर्यटन केंद्र का भी विकास किया जाएगा। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण और रामलला के सूर्य तिलक की अद्भुत व्यवस्था से वहां भारी संख्या में देशी व विदेशी श्रद्धालु आएंगे वहीं मथुरा और काशी में भी भक्तों की भारी संख्या आएगी। अयोध्या, मथुरा व काशी आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए विकास के काफी काम किये जा रहे हैं। प्रदेश में रामायाण और कृष्ण सर्किट की नए सिरे से स्थापना की जाएगी। रामायाण सर्किट में अयोध्या, चित्रकूट, बिठूर समेत अन्य धार्मिक स्थल शामिल होंगे। कृष्ण सर्किट में मथुरा, वृंदावन, गोकुल, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, बलदेव से लेकर अन्य धार्मिक स्थलों को जोड़ा जाएगा। इसी तरह बुद्धिस्ट सर्किट में कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, कौशाम्बी, श्रावस्ती, रामग्राम समेत कई स्थल शामिल होंगे। नई पर्यटन नीति में हस्तिनापुर, कांपिल्य, अहिच्छत्र, बरनावा, मथुरा,कौशाम्बी , गोंडा,लाक्षागृह जैसे स्थलों को जोड़ते हुए महाभारत सर्किट की स्थापना की जाएगी। विन्ध्यवासिनी देवी, अष्टभुजा से लेते हुए देवीपाटन, नैमिषारण्य, मां ललिता देवी, ज्वाला देवी, शाकुंभरी देवी, सहानपुर से शिवानी देवी, चित्रकूट और शीतला माता मऊ तक शक्तिपीठ का विकास किया जाएगा। प्रदेश में जैन सर्किट भी बनाया जाएगा यह देवगढ़, हस्तिनापुर से लेकर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, रामनगर तक होगा। नई पर्यटन नीति के अंतर्गत अब स्वतंत्रता संग्राम सर्किट भी बनाया जाएगा।जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के अहम स्थान जैसे मेरठ, शाहजहांपुर, काकोरी, चौरीचौरा आदि स्थलों को जोड़ा जाएगा। बुंदेलखंड सर्किट का भी विस्तार किया जा रहा है। नई पर्यटन नीति में सभी पर्यटन श्रेणियों की इकाइयों की स्थापना पर किये गए पूंजी निवेश पर सब्सिडी दी जाएगी। नई नीति में रोजगार सृजन पर ईपीएफ सब्सिडी, नवाचार, विशिष्ट प्रोत्साहन विपणन एवं संवर्धन प्रोत्साहन राज्य की दुर्लभ व लुप्तप्राय कला, संस्कृति और व्यंजनों का संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवित किये जाने के लिए प्रोत्साहन की व्यवस्था है। प्रदेश सरकार की नई नीति में बंद पड़े पुराने किलों व महलों को भी पर्यटन की दृष्टि से खोलने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार ने पर्यटन नीति के अंतर्गत इस क्षेत्र में आगामी 5 साल में 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य भी रखा गया है।

प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आने के साथ ही प्रदेश में पर्यटन तीव्र गति से गतिमान हो रहा है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण प्रारंभ हो जाने के बाद और अयोध्या में हर दीपावली के अवसर पर भव्य दीपोत्सव के आयोजन तथा विविध देशों के कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन आदि से अयोध्या का दीपोत्सव पर्यटन के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर अपना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जी 20 शिखर सम्मेलन की अपनी बाली यात्रा के दौरान वहां के भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए अयोध्या का उल्लेख करते हुए कहा था कि हर व्यक्ति को अयोध्या आने की इच्छा होती है जिसका संदेश साफ है कि आने वाले समय में विश्व के प्रत्येक कोने में निवास करने का हर हिन्दू अयोध्या आएगा जिसके लिए आदर्श व्यवस्था की जा रही है। अयोध्या में अभी से ही लाखों की संख्या में भक्त उमड़ रहे हैं। काशी में भव्य काशी विश्वनाथ कारिडोर का काम जारी है वहां पर भी सावन माह से अब तक करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आ चुके हैं। विगत सप्ताह से एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत काशी –तमिल संगमम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के बाद भी वहां दक्षिण भारतीय शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ सकती है। वृन्दावन में बांके बिहारी कोरिडोर भी बनने वाला है। अयोध्या की पांच और चौदह कोसी परिक्रमा, वृंदावन और गोवर्धन परिक्रमा, चित्रकूट परिक्रमा पथ भी विकसित हो रहे हैं। प्रयागराज का कुम्भ और माघ मेला तथा गोरखपुर का गोरक्षपीठ प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के दो बड़े केंद्र हैं। राजधानी लखनऊ में भी पर्यटकों को लुभाने के लिए कई आकर्षक उपाय किये जा रहे है। जिनका असर दिख रहा है। पर्यटकों को लखनऊ भ्रमण कराने के लिए वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। लखनऊ शहर में भी पर्यटन के विविध स्थल हैं जहां पर लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ही वर्ष 2017 में 50,61,193 यात्री आए और अब 2021 में यह संख्या बढ़कर 43,92,435 हो गई है। यात्रियों को बसों के माध्यम से भ्रमण कराने के लिए मार्ग तय कर लिए गये हैं। यही नहीं अब लखनऊ के आसपास छोटे जिलों व कस्बों मे भी पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर उनका विकास किया जा रहा है जिसके कारण धार्मिक व आध्यत्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। इन स्थलों में महादेव, पारिजात वृक्ष, मजीठा, चन्द्रिका देवी मंदिर इत्यादि शामिल है।

पूर्व की की सरकारों ने अपनी छद्म धर्मनिरपेक्षता के कारण प्रदेश के सभी धार्मिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक केंद्रों को विकास से दूर रखा किन्तु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं सौ से अधिक बार काशी का दौरा कर चुके हैं, वे अयोध्या तथा मथुरा का दौरा भी नियमित रूप से करते रहते हैं इससे धार्मिक पर्यटन को बल मिलता है।

# वीर सावरकर के विरोध के निहितार्थ

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

**कांग्रेस अपने** सत्ता निर्वासन को समाप्त करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा पर है। जो कांग्रेस की तड़पन को दूर करने के लिए अपरिहार्य भी है। लेकिन कभी–कभी इस यात्रा के दौरान ऐसा भी लगने लगता है कि इसका मूल उद्देश्य भारतीय समाज को जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि समाज में बिखराव पैदा करना ही है। अगर यात्रा का उद्देश्य वास्तव में ही समाज को जोड़ने के लिए होता तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी कम से कम वीर सावरकर के बारे में अनुचित टिप्पणी करने से परहेज करते, लेकिन राहुल गांधी ने ऐसा नहीं किया। इसके पीछे कांग्रेस के कौन से निहितार्थ हैं? यह कांग्रेस के नेता ही जानते होंगे, लेकिन इतना अवश्य है कि महाराष्ट्र में वीर सावरकर पर निशाना साधने के कुछ मायने हैं। एक राजनीतिक विश्लेषक के तौर पर अध्ययन किया जाए तो यही कहा जा सकता है कि महाराष्ट्र में वीर सावरकर के प्रति सम्मान कुछ ज्यादा ही है और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अंग्रेजों का नौकर बताने वाला बयान देना निश्चित ही महाराष्ट्र की जनता को उकसाने वाला ही था। कांग्रेस नेता संभवतः यही चाहते थे कि महाराष्ट्र में भारत जोड़ो यात्रा का विरोध हो और ठीकरा भाजपा–शिंदे सरकार पर फोड़ा जाए। लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस की यह राजनीतिक योजना पूरी तरह से विफल हो गई।

भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से कांग्रेस जो सपना देख रही है, वैसा हर राजनीतिक दल को भी देखना चाहिए। ऐसी यात्राओं के माध्यम से राजनीतिक दलों को जनता के बीच जाने का अवसर प्राप्त होता है। जनता की समस्याओं को जानने का भी साक्षात्कार होता है। वास्तव में राजनीतिक दलों का मूल उद्देश्य भी यही होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस की इस भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी जनता से सीधे जुड़ रहे हैं, ऐसा दिखाई नहीं देता। वह जनता के समक्ष कांग्रेस के विचार को स्थापित करने में विफल ही हो रहे हैं। उनकी यात्रा के मूल में कांग्रेस कम, भाजपा का विरोध ज्यादा दिखाई दे रहा है। कहा जाता है कि विरोध की राजनीति करने से नकारात्मक भाव प्रादुर्भूत होता है। इसके साथ ही यह भी एक बड़ा सच है कि सामने वाले का जितना विरोध करेंगे, उसका उतना ही प्रचार होता जाएगा। आज वास्तविकता यही है कि भाजपा को बड़ा बनाने में जितना परिश्रम स्वयं भाजपा का नहीं, उससे कहीं ज्यादा विरोधी दलों का है। क्योंकि वर्तमान विरोधी दलों का कोई भी कार्यक्रम भाजपा विरोध के बिना अधूरा ही है। विपक्षी दल जब तक अपनी स्वयं की बात प्रभावी तरीके से नहीं रखेंगे, तब तक उनके स्वयं के विचार जनता तक नहीं पहुंच सकते। आज देश की राजनीति का स्तर केवल भाजपा समर्थन या भाजपा विरोध ही रह गया है। जहां तक राहुल गांधी द्वारा वीर सावरकर के बारे में टिप्पणी करने का मामला है तो इसमें यही कहा जाएगा कि उन्हें वीर सावरकर के जीवन के बारे में पूरी जानकारी नहीं है। आज इस बात को पूरा देश स्वीकारता है कि वीर सावरकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं। उन्होंने अंग्रेजों की अमानवीय यातनाएं भोगी। क्या कभी किसी ने सुना है कि किसी को दो जन्मों का आजीवन कारावास दिया गया हो, लेकिन वीर सावरकर के साथ अंग्रेज सरकार ने यही किया। राहुल को संभवतः वीर सावरकर जी के त्याग के बारे में कोई ज्ञान नहीं है। राहुल आखिर सावरकर को क्या साबित करना चाहते हैं, यह तो वही जानें, लेकिन सवाल यह आता है कि जब अंग्रेजों ने ऐसी कठोर सजा दी, तब यह स्वाभाविक रूप से सिद्ध भी हो जाता है कि उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध जन जागरण करते हुए एक वातावरण बनाने का काम किया। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह भी है कि सावरकर ने अंग्रेजों से जो लड़ाई लड़ी, वह कांग्रेस (उस समय एक मंच था) के नेतृत्व में ही लड़ी गई। राहुल इस तथ्य को नकार नहीं सकते। लेकिन यह भी प्रामाणिक तथ्य है कि उस समय जिन क्रांतिकारियों ने अपनी लेखनी के माध्यम से भारत में देश भक्ति का ज्वार पैदा करके अंग्रेजों को भगाने के लिए वातावरण बनाया, उनमें वीर सावरकर का नाम भी लिया जाता है। ऐसे सभी नायक आज इतिहास से गायब होते दिखाई दे रहे हैं।

वीर सावरकर ने मां भारती की स्तुति में छह हजार कविताएं लिखीं, वह भी कागज पर नहीं, बल्कि सेल्युलर जेल की दीवारों पर। कलम से नहीं, कंकर, कील और कोयले से लिखीं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि वीर सावरकर का प्रत्येक कृत्य मां भारती के लिए ही समर्पित था। ये कविताएं कभी समाप्त न हों, इसलिए सावरकर ने इन्हें रट–रट कर कंठस्थ कर लिया था।

सावरकर इस संसार के एक मात्र ऐसे रचनाकार हैं जिनकी पुस्तक 1857 का स्वातंत्र्य समर को अंग्रेजों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया था। राहुल के इस बयान के बाद महाराष्ट्र की राजनीति भी गरमा गई है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राहुल की टिप्पणी से पल्ला झाड़ लिया। उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी विनायक दामोदर सावरकर की बहुत इज्जत करती है। हमारे मन में वीर सावरकर के लिए बहुत सम्मान और विश्वास है और इसे मिटाया नहीं जा सकता। इतना ही नहीं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी सावरकर को महान स्वतंत्रता सेनानी बताया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस अपरिपक्व बयान के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में दरार पैदा होने लगी है। हालांकि दरार तो पहले से ही थी, क्योंकि कांग्रेस और शिवसेना नदी के ऐसे दो किनारे हैं जो एक दूसरे से दूर रहकर भी साथ–साथ होने का दिखावा करते हैं। इस प्रकार की राजनीति से राजनीति दल अपने सिद्धांतों की बलि ही चढ़ाते हैं। कुल मिलाकर राहुल गांधी को ऐसे बयान देने से बचना चाहिए। यह कांग्रेस के लिए समय की मांग है।

## रूस के विरुद्ध युक्रेन में जैविक हथियार बनाने की साजिश

**संजीव**

**अभी** फिर वर्तमान में अमेरिका और ब्रिटेन यूक्रेन को बड़ी मदद करने को तैयार हो गए हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक यूक्रेन के यात्रा के दौरान कई लाखों पाउंड और हथियारों की मदद का वादा कर आए हैं. जाहिर तौर पर यूक्रेन का हौसला काफी बढ़ा हुआ है हालाकी यूक्रेन ने रूस के साथ युद्ध में भारी तबाही का सामना करना पड़ा है नुकसान दोनों देशों को बहुत हुआ है वैसे भी युद्ध में कुछ हासिल होता नहीं है पर युद्ध रोकने के बदले अमेरिका ब्रिटेन और यूरोपीय देश अभी भी यूक्रेन को उकसाने में लगे हुए जो विश्व शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा साबित हो सकता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक में परमाणु बम का इस्तेमाल कर पूरी मानव जाति को खतरे में डाल सकते हैं,ऐसे में भारत ही एक ऐसा देश है जो युद्ध रोकने के लिए दोनों देशों की मदद कर सकता है' रूस, यूक्रेन युद्ध तात्कालिक कारणों से नहीं हो रहा है, इसके पीछे अमेरिका की षड्यंत्र वादी नीतियों की कई साजिशें अंतर्निहित हैं' अमेरिका सदैव रूस को वैश्विक जन मंच पर नीचा दिखाना चाहता रहा है। जिस तरह पूर्व में सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक रूस( यू.एस.एस.आर) के उसने कई टुकड़े करवाएं थे, उसी मंसूबों को लेकर आगे बढ़ते हुए उसने लगभग 26 स्थानों पर जैविक बम बनाने के केंद्र अलग-अलग देशों में स्थापित कर रखे हैं, ताकि जब भी मौका लगे अमेरिका उस देश से दुश्मन देशों पर जैविक हथियारों से हमला कर उनकी स्थिति कमजोर कर अपनी नीतियों का गुलाम बना सके।

# उन्नाव पुलिस लाइन में पुलिस झण्डा दिवस का हुआ आयोजन



**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** बुधवार को पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में क्वार्टर गार्द पर पुलिस ध्वज फहराकर समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित किया गया। साथ ही पुलिस महानिदेशक लखनऊ बृजभूषण के संदेश को पढ़कर सुनाया गया। सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के वीर जवानों के शौर्य, कर्तव्य परायणता एवं उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा के फलस्वरुप ही भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, श्री जवाहर लाल नेहरु जी द्वारा दिनांक 23.11.1952 में सर्वप्रथम उ. प्र. पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। यूपी पुलिस पूरे भारत का प्रथम राज्य पुलिस बल है। जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरुप पुलिस कलर अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है। जो हम सब के लिए गर्व का विषय है। इसी क्रम में जनपद के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा थाना चौकियों में सम्मान पूर्वक पुलिस ध्वज फहराकर पुलिस झंडा दिवस बड़ी ही धूमधाम वर्क उत्साह के साथ मनाया गया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी ने अधिकारियों संग किए समीक्षा बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह द्वारा आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा की गयी। इस मौके पर प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि आईजीआरएस पोर्टल को नियमित रूप से देखा जाए और प्राप्त शिकायतों का ससमय एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा आईजीआरएस पोर्टल की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है इस लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रदेश लेवल पर आईजीआरएस की समीक्षा में तहसील उन्नाव सदर सबसे निचले स्तर पर है। यह स्थिति अत्यन्त आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि अधिकारी गण शिकायतों के निस्तारण के दौरान शिकायत कर्ता से फीडबैक अवश्य प्राप्त करें। शिकायत कर्ता के असंतुष्ट रहने पर शिकायत को निस्तारित नहीं माना जाएगा। अधिकारी गण शिकायत का निस्तारण बिना किसी पक्षपात के गुण-दोष के आधार पर ही करें। आईजीआरएस के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाये जाने पर संबधित के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।इस मौके पर प्रभारी जिलाधिकारी ने समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सर्दी शुरू हो गयी है इस लिए सभी नगर निकायों में रैन बसेरे क्रियाशील कर दिये जायें। रैन बसेरों में विशेष रूप से साफ-सफाई के इंतजाम किए जाएं तथा निराश्रितों के लिए निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। उन्होंने कहा कि सर्दी के दृष्टिगत चिन्हित स्थलों पर अलाव जलाने का कार्य भी सुनिश्चित करा लिया जाए। यह भी कहा कि समस्त स्थायी/अस्थायी गौशालाओं में गौवंश को सर्दी से बचाने के लिए पुख्ता इतंजाम किए जाएं। प्रत्येक गौशाला में चारा-पानी की पर्याप्त उपलब्धता रहनी चाहिए। सर्दी के दृष्टिगत गौशालाओं में पर्याप्त शेड की व्यवस्था भी करा ली जाए।

## मानवाधिकार प्रतियोगिता में अव्वल आये रामविलाश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर 21वीं सदी पुलिस एवं मानवाधिकार विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में पहला स्थान सिपाही रामविलाश ने हासिल किया।

बुधवार को हुई प्रतियोगिता में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अध्यक्षता में मानवाधिकार संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने को 21वीं सदी पुलिस एवं मानवाधिकार विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न थानों में नियुक्त पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया। पक्ष-विपक्ष में विचार रखे। निर्णायक मंडल में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय व प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह तथा अध्यक्ष पायनियर्स क्लब केशव शिवहरे ने पहला स्थान पुलिस लाइन में तैनात सिपाही रामविलाश को दिया।

दूसरा स्थान महिला सिपाही नीलेश सोनकर, विपक्ष में पहला स्थान बरगढ थाने में तैनात सिपाही पवन यादव व दूसरा स्थान महिला सिपाही मधु शर्मा को मिला। प्रतियोगिता में दरोगा एपी अयोध्या प्रसाद व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## नजूल भूमि को बेंचकर भू-माफिया हो रहे मालामाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के पुरानी बाजार धुस मैदान के आगे नावघाट मोहल्ले में इन दिनों नजूल भूमि की बिक्री को तमाम लोग प्लाटिंग कर बेंच रहे हैं। नजूल भूमि बेंचने वालों पर जिला प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है, जबकि नजूल भूमि के बैनामे के बाद दाखिल-खारिज किसी का नहीं हुआ है और न हो रहा है। इस गोरखधंधे का बुधवार को खुलासा हुआ। बताया गया कि कोतवाली कर्वी के धुस मैदान के आगे नावघाट मोहल्ले में धडाधड तमाम लोग प्लाटिंग के कारोबार में जुटे हैं। वहां पर जमीनों की बडे पैमाने पर खरीद-फरोख्त हो रही है। जमीनों को खरीदने वालों ने बडी-बडी हवेलियां खडी कर ली हैं। इन हवेलियों का आज तक दाखिल-खारिज नहीं हुआ है और आगे भी दाखिल-खारिज होने के कोई आसार नहीं है। इसके बाद भी धडाधड तमाम लोग प्लाटिंग कर लोगों को प्लाट बेंच रहे हैं। ये प्लाट दस से बीस लाख के बीच बेंचे जा रहे हैं। वहां पर नजूल भूमि बडे पैमाने पर मौजूद हैं। इस नजूल भूमि को कुछ दबंगों व भू-माफियाओं ने औने-पौने दाम पर चैधरी छोटेलाल आदि से लिखवाकर अपने नाम करा ली है। अब ये लोग धडाधड प्लाटिंग कर लोगों को बेंचने में तल्लीन हैं। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से मोहल्ले के लोगों ने मांग की है कि नजूल भूमि का चिन्हांकन कराकर अवैध ढंग से प्लाटिंग कर बेंचने वालों पर तत्काल अंकुश लगायें।

## सेंट लॉरेंस इंटर कॉलेज में यातायात नियमों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**अखंड भारत संदेश**

**पीडी नगर उन्नाव।** पुलिस कप्तान सिद्धार्थ शंकर मीना ने यातायात नवम्बर माह जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज सेंट लॉरेंस इंटर कॉलेज पी.डी. नगर उन्नाव में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। छात्र छात्राओं ने अभिनंदन गीत से मुख्य अतिथि एसपी का स्वागत किया। तत्पश्चात वहां के फादर व बच्चों ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। कॉलेज में विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी नगर यातायात आशुतोष व यातायात प्रभारी अरविंद पाण्डेय, अस्पताल चौकी इंचार्ज संतोष राय व परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव कार्यक्रम को-ऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। कॉलेज में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ने सभी छात्र-छात्राओं को यातायात के नियम बताएं एवं सभी को प्रेरणा दी कि आप 18 वर्ष के ऊपर ही होकर गाड़ी चलाएं और आपको किसी भी तरह की कोई समस्या हो आप मेरे नंबर पर कॉल कर सकते हैं। मुझसे मेरे ऑफिस में मिल सकते हैं। आपकी हर संभव मदद करूंगा व अपने परिजनों को यातायात नियमों का पालन कराएं। क्षेत्राधिकारी नगर ने सभी को यह संकल्प दिलाया कि आप 18 वर्ष के ऊपर आयु होने पर ही गाड़ी चलाएंगे किसी के साथ जारी किए गए सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। डॉ. आशीष श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम का समन्वय किया गया।

# हसनगंज व उन्नाव सदर तहसील अंतर्गत सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण हुए ध्वस्त



**अखंड भारत संदेश**

**हसनगंज उन्नाव।** जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे के निर्देशन में जिले की समस्त तहसीलों में सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटवाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम के तहत हसनगंज उप जिलाधिकारी अंकित शुक्ला द्वारा तहसील हसनगंज के अन्तर्गत नवाबगंज पछियाव में गाटा संख्या 1005 तथा 985 दर्ज नवीन परती व वन विभाग कुल रकबा 1.410 हे0 लगभग 6 बीघा शासकीय भूमि पर हुई अवैध प्लाटिंग को नष्ट कराते हुए अनुमानित लागत लगभग 2 करोड़ की भूमि को भू माफियाओं से अतिक्रमण मुक्त कराया गया।इसी प्रकार तहसील उन्नाव सदर के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद उन्नाव की जमीन आराजी संख्या 100, रकबा लगभग 2 बीघा पर अवैध प्लाटिंग कर एवं मकान बनाकर किये गये अवैध निर्माण को ध्वस्त कर भू माफियाओं से कब्जामुक्त कराया गया। साथ ही भू माफियाओं के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर भी दर्ज करायी गयी है। अतिक्रमण मुक्त करायी गयी इस जमीन की बाजार कीमत लगभग 1.40 करोड़ रुपए है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिये गये है। कि जिले में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों, अतिक्रमणों को अभियान चलाकर हटाया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापवाही न बरती जाये और ना ही किसी भी प्रकार का पछपात किया जाये। अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ ही भू माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही भी करायी जाये।

# भाकपा का ऐलान, 14 दिसम्बर को होगा धरना-प्रदर्शन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला काउंसिल की बैठक का कमलेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। सभी साथियों ने नवनिर्वाचित राज्य कार्यकारिणी सदस्य का अमित यादव का स्वागत किया।

बुधवार को भाकपा जिला कार्यालय में हुई जिला काउंसिल की बैठक में का अमित यादव ने कहा कि पैर पसार रही मन्दी से निपटने, नाटों के विस्तार और हथियारों की बिक्री को बढावा देने को साम्राज्यवादी अमेरिका और यूरोपीय देशों में दुनिया के कई हिस्सों में तनाव क्षेत्र बना दिये हैं। इन नीतियों के नतीजतन रुस-यूक्रेन युद्ध में भारी जनधन की तबाही हो चुकी है। अमेरिका ने अपनी संसद के अध्यक्ष को ताईवान भेजकर चाइनीज सागर के क्षेत्र में भारी तनाव पैदा कर दिया। जो कभी भी युद्ध में बदल सकता है। मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था को चैपट कर देश की दौलत चन्द खरबपतियों के पास पहुंचा दी है। आम आदमी को कंगाल बना दिया है। आक्रोश को ठंडा करने को रेवडियां बांटी जा रही हैं। सरकारी उद्योग नीचे जा रहे हैं। सरकार पोषित लोग बैंकों की पूंजी हडपकर गये। रुपये की हैसियत में लगातार गिरावट हो रही है। बेरोजगारी व भ्रष्टाचार सीमायें लांघ चुके हैं। जनता की आवाज दबाने को दमनचक्र चल रहा है। वोटों के विभाजन को धर्म, जाति और कई कुचक्रों का सहारा लिया जा रहा है। भाजपा को सत्ता से बाहर करने का मुख्य लक्ष्य निर्धारित किया गया। भाकपा लोगों को लामबन्द कर जनता के ज्वलंत सवालों पर संयुक्त आन्दोलन खडा करेगी। वामपंथी, धर्म निरपेक्ष और लोकतांत्रिक शक्तियों को बोलबन्द कर प्रदेश की बिगडती कानून व्यवस्था पर आन्दोलन किये जायेंगे। राज्य काउंसिल के सदस्य का चन्द्रपाल पाल ने कहा कि बीस नवम्बर को राज्य काउंसिल की बैठक में आम जनता के सवालों पर 14 दिसम्बर को जिले में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। राज्य काउंसिल ने 25 सदस्यीय राज्य कार्यकारिणी का गठन किया है। जिले से का अमित यादव एड को चुना गया है। राज्य कार्यकारिणी में सचिव मंडल के सदस्य डॉ गिरीश, अरविन्द राज स्वरुप, इम्तियाज अहमद, मोतीलाल, रामचन्द्र सरस, फूलचन्द्र यादव, राजेश तिवारी को बैठक में बधाई प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में का सत्यहरण, का सुशील, का विनोद पाल, का दादूराम, श्रीपाल प्रजापति, हनुमान, रामभवन, रामनरेश, राजभर विश्वकर्मा, पुरुषोत्तम, राजेश, दीपक, रेवतीरमन, बुद्धविलाश, रामस्वरुप, उदयभान, शिवपुराण आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों को मिलेगी भरपूर मदद: सीडीओ




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन को जिला स्तरीय कार्यशाला में सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि व्यवस्थित डाटाबेस कार्य योजना बनाने में सहयोग होता है। विद्यालयों में रैम्प निर्माण, दिव्यांग शौचालय आदि कराकर बाधारहित माहौल तैयार किया जा रहा है।

बुधवार को जिला स्तरीय कार्यशाला टाउनहाल कर्वी में हुई। सीडीओ अमृतपाल कौर ने सभी दिव्यांग बच्चों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इन बच्चों का चिन्हीकरण शिक्षा विभाग व दिव्यांगजन विभाग तथा पंचायती राज विभाग मिलकर करें। इन बच्चों की आवश्यकतानुरुप मांग पेशकर उसकी पूर्ति जिला स्तर व शासन स्तर से प्राथमिकता के आधार पर कराई जायेगी। इस कार्य को नौकरी नहीं, बल्कि सेवा समझकर करना होगा।

कार्यशाला में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव ने समावेशी शिक्षा समग्र शिक्षा से विभिन्न योजनायें संचालित हैं। कार्यशाला उनके उन्नयन विकास को हो रही है। स्वयं सेवी संस्था सभी को मिलजुलकर सामूहिक प्रयास करना होगा। दिव्यांग बच्चों में अनेक क्षमतायें होती हैं।

कार्यशाला में एसीएमओ इम्तियाज अहमद, डीपीआरओ तुलसीराम विश्वकर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिमा पाल, पायनियर्स अध्यक्ष केशव शिवहरे, नेत्रहीन बालिका विद्यालय के शंकर गुप्ता, वर्षा गुप्ता, वित्त एवं लेखाधिकारी पंचानन वर्मा, सभी खण्ड शिक्षाधिकारी, दिव्यांग बच्चों के अभिभावक, सीआईसी के एनसीसी कैडट आदि मौजूद रहे। कार्यशाला की शुरूवात दिव्यांग बालिका अंतिमा ने सरस्वती वन्दना से की। बच्चों ने इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। सभी बच्चों को पुरस्कार बांटे गये। कार्यक्रम में गीत श्रीवास्तव, हरीश कुमार, अनिमेश कुमार मिश्रा, राहुल, अमित, सूर्यकान्त, रामबाबू व रोशनी ने सहयोग किया।

# मऊ के शिवपुर में चोरों ने किया लाखों का माल पार



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ थाने के शिवपुर गांव में एक ग्रामीण के घर चोरों ने जेवर, बर्तन व नकदी सामान पार कर दिया। पीडित ने थाने में तहरीर देकर चोरी के खुलासे की मांग की है।

चोरी की ये घटना 22 नवम्बर की रात को मऊ थाने के शिवपुर गांव में हुई। बताया गया कि रामभूषण मिश्रा की पत्नी निमंत्रण में गई थी। भूतल में वह तथा बेटा कमरे में सो रहा था। इस बीच चोर घर में घुसकर बेटे के कमरे में कुंडी लगाकर जेवर, बर्तन, सामान और नकदी पार कर ले गये। सवेरे घर के बक्शे और अलमारी के ताले टूटे पाकर होश उड गये। पुलिस को मामले की रिपोर्ट दर्जकर चोरों का पता लगाने की गुहार लगाई है।

चोरी की घटना में चोर तकरीबन तीन लाख रुपये के जेवर और बीस हजार रुपये नकद ले गये हैं। इस गांव में पिछले साल भी चोरी हुई थी। पुलिस चोरी का खुलासा नहीं कर पाई थी। सूचना मिलने पर डाग स्क्वायड टीम और मऊ थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने फोन से बताया कि जल्द ही चोरी का खुलासा किया जायेगा। मामला दर्ज किया जा रहा है।

## मेरठ में पकड़ी गई नकली नमक की फैक्ट्री, दो गिरफ्तार

**मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना पुलिस ने टाटा के नाम पर नकली नमक बनाकर बेचने की फैक्ट्री पकड़ी है। पुलिस ने मौके पर नमक के नकली पैकेट्स के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

कंकरखेड़ा थाना पुलिस ने बुधवार को कंकरखेड़ा में राहुल गुप्ता के मकान में छापा मारकर नकली नमक बनाने की फैक्ट्री पकड़ी। वह टाटा नमक के नाम पर नकली नमक पैकेटों में भरकर बेचने का काम कर रहा था। पुलिस ने मौके से राहुल गुप्ता समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही फैक्ट्री से भारी मात्रा में नमक और आटा नमक के नकली छपे 350 खाली पैकेट और टीटा नमक के 300 पैकेट मिले। आरोपितों से पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि यह धंधा लंबे समय से चल रहा था।

# झुन्ना के नाम से सराफा कारोबारी से मांगे पांच लाख

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्तार के गुर्गे ने जिला चित्रकूट जेल में बन्द झुन्ना पंडित के नाम पर फिर रंगदारी मांगी है। दो दिन पहले बनारस के डॉक्टर से दस लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। अब आभूषण कारोबारी को रंगदारी की चिट्ठी मिली है।

बुधवार को माफिया मुख्तार अंसारी के गुर्गे व चित्रकूट जेल में बन्द बदमाश झुन्ना पंडित उर्फ श्रीप्रकाश मिश्रा के नाम से बनारस में दूसरी बार रंगदारी मांगी गई है। पांच लाख रुपये की रंगदारी की मांग से घबराये सराफा कारोबारी ने विशाल वर्मा ने मंगलवार को लालपुर पाण्डेयपुर थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान के सामने ठेला लगाने वाला हरीश आया और कहा कि आप के लिए एक आदमी ने चिट्ठी दी है। चिट्ठी खोलकर देखा तो उसमें लिखा था पांच लाख रुपये चाहिए। इस बात का किसी को पता नहीं चलना चाहिए। पैसा लेने को दिन और समय फोन करके बताया जायेगा। इस बारे में चर्चा की तो समझ लेना। दीपक ने कहा कि धमकी भरी चिट्ठी से पूरा परिवार भयभीत है। उन्होंने लालपुर पाण्डेयपुर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

दो दिन पहले अर्दली बाजार में महादेव मन्दिर के पास डॉ दीपक वर्मा के यहां भी दस लाख रुपये की रंगदारी की चिट्ठी दी गई थी। बदमाश झुन्ना पंडित गिरोह के नौ बदमाशों के खिलाफ 17 अक्टूबर को गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही हुई थी। चित्रकूट जेल में बन्द झुन्ना के खिलाफ पूर्वांचल के अलग-अलग जिलों के अलावा पंजाब समेत अन्य राज्यों में गम्भीर अपराधों के 48 मुकदमे दर्ज हैं। तीन महीने पहले शिवपुर निवासी डॉ आरएस पटेल से भी बीस लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी।

# अटूट कर्तव्य-निष्ठा का प्रतीक है पुलिस झंडा: एसपी




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने पुलिस झंडा दिवस पर कहा कि यह पुलिस बलों के अप्रतिम शौर्य एवं अटूट कर्तव्य-निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने पुलिस लाइन में ध्वज को सलामी दी।

बुधवार को पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों से कहा कि पुलिस ध्वज विभाग के गौरवशाली अतीत, स्वर्णिम भविष्य एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का जीवन्त प्रतीक है। शान्ति स्थापना को सतत सक्रिय चित्रकूट पुलिस के समस्त अधिकारी व जवानों को झंडा दिवस पर शुभकामनायें देते हुए पुलिस महानिदेशक के संदेश को पढकर सुनाया।

इस मौके पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, प्रधान लिपिक आलोक सिंह, एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय, प्रतिसार निरीक्षक रेडियो/प्रभारी यूपी 112 दोपहिया मंगलेश्वर, एपी रामदीन आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने कोतवाली कर्वी में सीओ मऊ शीतला प्रसाद पाण्डेय ने चैकी सरैंया में ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी। इस मौके पर सरैंया चैकी प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# थाईलैंड की पुलिस कॉलोनी में कार बम विस्फोट, एक की मौत

**बैंकॉक।** थाइलैंड की एक पुलिस कॉलोनी में जोरदार कार बम विस्फोट हुआ है। विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 16 लोग घायल हो गए।

दक्षिणी थाईलैंड के मुआंग जिले की नाराथीवाट पुलिस आवासीय कॉलोनी में बाद 12.50 बजे अचानक एक तेज धमाका हुआ। यह बम कॉलोनी के बीचोबीच खड़ी एक कार में रखा गया था। माना जा रहा है कि स्वायत्तता की मांग कर रहे मलय मुस्लिम आतंकियों ने यह विस्फोट किया है। विस्फोट की चपेट में आकर यातायात पुलिस अधिकारी कैप्टेन सुथीरक फैंथानियोम की मौके पर ही मौत हो गयी। उनके अलावा 16 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



घायलों में ज्यादातर पुलिस वालों के परिजन हैं, जो उस परिसर में रह रहे थे। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस को आवासीय परिसर के सामने नारा सिखालाई नर्सरी स्कूल के सामने एक और बम मिला। बम निरोधक दस्ते को बुलाकर यह बम फटने से पहले ही निष्क्रिय करा दिया गया। माना जा रहा है कि दूसरा बम रणनीतिक रूप से वहां रखा गया था, ताकि पहले विस्फोट के बाद जब वहां पुलिस दल पड़ताल के लिए पहुंचे, तो दूसरा धमाका किया जा सके।

विस्फोट इतना भयानक था कि कार जहां पर खड़ी थी, उस पार्किंग की छत उड़ गयी। आसपास के इलाकों में तेज काला धुआं देखा गया।

अग्निशमन कर्मियों को आग बुझाने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को सील करने के साथ सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी है। अन्य बमों के लिए पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों सहित आसपास के क्षेत्र की पड़ताल की जा रही है।

# रिश्तों के तीस सालः आसियान देशों के साथ और मजबूत होंगे भारत के रक्षा संबंध

**नामपेन्ह।** भारत और आसियान देशों के बीच रिश्तों के तीस साल पूरे होने पर कंबोडिया के सिएम रीप में आयोजित रक्षा मंत्रियों की बैठक में आसियान देशों के साथ भारत के रक्षा संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया गया। यह वर्ष आसियान-भारत मैत्री वर्ष के रूप में भी मनाया जा रहा है। कंबोडिया के सिएम रीम में 22 व 23 नवंबर को आयोजित हो रही रक्षा मंत्रियों की बैठक में आसियान के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी भाग ले रहे हैं। उन्होंने सभी रक्षा मंत्रियों के साथ बैठक के बाद सामूहिक चित्र जारी करते हुए ट्वीट कर कहा कि भारत आसियान देशों के साथ




ऐतिहासिक व बेहद मजबूत रणनीतिक साझेदारी रखता है। भारत आसियान के बहुआयामी मंचों के साथ जुड़ाव के मूल्य को भी गहराई से समझता है। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान देशों के बीच रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए सभी प्रयास किये जाएंगे। भारत अपनी क्षमताओं और अनुभवों का लाभ सभी देशों को देने और आपसी रिश्तों की मजबूती के लिए शुरू की गयी तमाम योजनाओं के अमल को लेकर प्रतिबद्ध है। दस देश इंडोनेशिया, थाईलैंड, वियतनाम, लाओस, ब्रुनेई, फिलीपींस, सिंगापुर, कंबोडिया, मलेशिया और म्यांमार आसियान के सदस्य हैं। आसियान से भारत के संवाद संबंध 1992 में क्षेत्रीय साझेदारी की स्थापना के साथ शुरू हुए थे। दिसंबर 1995 में पूर्ण संवाद साझेदारी 2002 में शिखर स्तर की साझेदारी में परिवर्तित हुए। इन्हें 2012 में संबंधों के एक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। 2017 से आसियान के रक्षा मंत्री सहयोग पर चर्चा करने के लिए सालाना बैठक कर रहे हैं। इसमें भारत भी शामिल है।


इससे पहले सिएम रीप पहुंचने पर राजनाथ सिंह का अंतरराष्ट्रीय नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ताओं का सिलसिला भी चला। सबसे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस से द्विपक्षीय संवाद किया। राजनाथ एवं मॉर्लेस ने रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए अन्य अहम मसलों पर भी आगे बढ़ने की बात कही।

भारतीय रक्षा मंत्री ने अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे. ऑस्टिन तृतीय से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया। राजनाथ सिंह और न्यूजीलैंड के रक्षा मंत्री पीनी हेनरे के बीच भी गर्मजोशी के साथ मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच रक्षा संबंधों को नई दिशा देने का संकल्प व्यक्त किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कंबोडिया के उप प्रधान मंत्री और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल टीईए बान के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों मंत्रियों ने भारत और कंबोडिया के बीच साझा समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों की चर्चा की और अंगकोरवाट को दोनों देशों के बीच लंबे समय तक चलने वाले संबंधों के प्रतीक के रूप में मान्यता दी।उल्लेखनीय है कि दोनों देश इस साल आपसी राजनयिक संबंधों के 70 साल भी मना रहे हैं। रक्षा मंत्री ने 2022 में आसियान की सफल अध्यक्षता के लिए कंबोडिया को बधाई दी।

# अमेरिका के वॉलमार्ट स्टोर में गोलीबारी, अब तक 10 लोगों की मौत, हमलावर भी ढेर


**न्यूयार्कः** अमेरिका के वर्जीनिया में चेसापीक वॉलमार्ट स्टोर में अज्ञात हमलावर द्वारा की गई गोलीबारी में 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। हालंकि पुलिस की कार्रवाई करते ए हमलावर भी ढेर हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना की सूचना मिलते पुलिस ने वॉलमार्ट के आसपास के इलाके को सील कर दिया।इससे पहले अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स शहर के




एक नाइट क्लब में 20 नवंबर को ताबड़तोड़ गोलीबारी हुई थी, जिसमें कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 18 लोग घायल हो गए थे। पुलिस के मुताबिक पुलिस को रात 11:57 बजे गोलीबारी के बारे में कॉल आई थी, जिसके तुरंत बाद पुलिस टीम क्लब में पहुंची और एक व्यक्ति को संदिग्ध मानते हुए हिरासत में ले लिया था। इस गोलीबारी में संदिग्ध व्यक्ति भी घायल हो गया था।

# कोलकाता में चावल उत्सव आयोजित करेगा बांग्लादेश

**कोलकाता।** कोलकाता स्थित बांग्लादेश उप उच्चायोग चावल से बने व्यंजनों की किस्मों को प्रदर्शित करने के लिए महानगर में विशेष उत्सव आयोजित करने की योजना बना रहा है। बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त अंदलिब इलियास ने बताया कि इस पहल से भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार के अवसर खुलेंगे।



उन्होंने कहा, बांग्लादेश से चावल की किस्मों को प्रदर्शित करने के लिए कोलकाता में एक चावल उत्सव आयोजित करने की योजना है। बांग्लादेश में चावल की कई किस्में हैं। चावल का उपयोग बिरयानी, खीर, चावल का हलवा, पिठा (पाई) बनाने के लिए किया जाता है। हमने अभी तक उत्सव के लिए तारीख तय नहीं की है। हम बांग्लादेश से शेफ लाने की योजना बना रहे हैं जो त्योहार पर व्यंजन तैयार करेंगे। उन्होंने कहा, भोजन हमारी विशेषज्ञता है। यह राष्ट्रों के बीच जागरुकता और दोस्ती पैदा करने का एक शानदार तरीका है। इस तरह की पहल आगे बढ़ने का एक अच्छा तरीका है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान और भोजन के माध्यम से, हम देशों के साथ संबंध और मजबूत बना सकते हैं। इलियास ने कहा कि बांग्लादेश पुस्तक मेले का 10वां संस्करण 2 से 11 दिसंबर तक कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। बांग्लादेश के लगभग 70 प्रकाशक मेले में भाग लेंगे। वर्षों से कोलकाता में पुस्तक मेला बहुत सफल रहा है।

# अमेरिका के वॉलमार्ट स्टोर में 10 लोगों की हत्या

**रिचमंड (वर्जीनिया)।** अमेरिका के वर्जीनिया प्रांत के चेसापीक में देरशाम हुई अंधाधुंध गोलीबारी में 10 लोगों की जान चली गई। दिल दहला देने वाली यह वारदात वॉलमार्ट स्टोर में हुई। बंदूक से लैस व्यक्ति ने स्टोर में खूनखराबा कर लाशें बिछा दी।

पुलिस ने निर्दोष लोगों की जान वाले इस व्यक्ति को मार गिराया है। वॉलमार्ट और चेसापीक पुलिस ने कहा है कि मृतकों और घायलों की संख्या अभी भी स्पष्ट नहीं है। यह आंकड़ा बढ़ सकता है। फिलहाल मारे गए हत्यारे की पहचान नहीं हो सकी है। इससे पहले रात कोलोराडो के नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई थी और 18 लोग घायल हुए थे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कोलोराडो के नाइट क्लब में हुई गोलीबारी पर दुख जताया था । बाइडन ने कहा था कि अमेरिका नफरत को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।



# नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा धनकुटा से लगातार सातवीं बार चुनाव जीते

**काठमांडू।** नेपाल में हुए संसदीय और प्रांतीय चुनाव के नतीजे आने शुरू हो गए हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री और नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा अपने गृह जिले धनकुटा से लगातार सातवीं बार निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने ऐसा करने का रिकार्ड दर्ज किया है। कार्यवाहक सरकार के प्रधानमंत्री को 25 हजार 534 मत मिले और उन्होंने प्रतिनिधि सभा के सदस्य पद के लिए 13 हजार 42 वोट हासिल करने वाले अपने प्रतिद्वंद्वी सागर ढकाल को हराया।

साल 2015 में संविधान की घोषणा के बाद से यह दूसरा आम चुनाव है। नेपाल के चुनाव आयोग के अनुसार 20 नवंबर को हुए संसदीय और प्रांतीय चुनाव में लगभग 61 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। मुख्य चुनाव आयुक्त दिनेश कुमार थपलिया ने कहा था कि यह मतदान प्रतिशत चुनाव आयोग की अपेक्षा से कम है।



# पूर्णिमा देवी बर्मन को संयुक्त राष्ट्र का सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार


**संयुक्त राष्ट्र।** भारतीय वन्यजीवी वैज्ञानिक डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन को संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार चैंपियंस ऑफ द अर्थ से सम्मानित किया गया है। बर्मन को पारिस्थितिक तंत्र के क्षरण की रोकथाम के लिए की गई परिवर्तनकारी कार्रवाई के लिए यह सम्मान दिया गया है। बर्मन को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के इस साल के चैंपियंस ऑफ द अर्थ पुरस्कार की एंटरप्रेन्योरियल विजन (उद्यमिता दृष्टिकोण) श्रेणी में सम्मानित किया गया है। वन्यजीव विज्ञानी बर्मन हरगिला आर्मी का नेतृत्व करती हैं, जो सारस को विलुप्त होने से बचाने के लिए समर्पित आंदोलन है, जिसमें केवल महिलाएं शामिल हैं। महिलाएं सारस पक्षी जैसे मुखौटे बनाती और बेचती हैं, जिससे अपनी वित्तीय स्वतंत्रता के साथ ही विलुप्त होती प्रजाति के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है। यूएनईपी की वेबसाइट के मुताबिक, पांच साल की उम्र में बर्मन को असम में ब्रह्मपुत्र नदी के

**वन्यजीव विज्ञानी बर्मन हरगिला आर्मी का नेतृत्व करती हैं, जो सारस को विलुप्त होने से बचाने के लिए समर्पित आंदोलन है, जिसमें केवल महिलाएं शामिल हैं।**

नजदीक रहने वाली अपनी दादी के पास भेज दिया गया था। बर्मन ने कहा कि मैंने सारस और पक्षियों की कई अन्य प्रजातियों को देखा। उन्होंने (दादी) मुझे पक्षियों से जुड़े गीत सिखाए। उन्होंने मुझसे बगुले और सारस के लिए गाने को कहा और फिर मुझे पक्षियों से प्यार हो गया।

# भूकंप से हिला तुर्की, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 6.0

**अंकारा।** तुर्की में लोग बुधवार सुबह भूकंप के तेज झटकों से दहशत में आ गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक सुबह 6 बजकर 38 मिनट पर अंकारा से 186 किलोमीटर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम में भूकंप आया। भूकंप की गहराई जमीन से 10 किलोमीटर नीचे थी। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.0 आंकी गई है। तुर्की सरकार के आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी के मुताबिक भूकंप का केंद्र इस्तांबुल से करीब 200 किलोमीटर पूर्व में डुजसे प्रांत के गोलकाया शहर में था। झटके तुर्की के दो बड़े शहर इस्तांबुल और राजधानी अंकारा में भी महसूस किया गया। ड्यूज के मेयर फारूक ओजलू ने कहा है कि भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और इलाके की बिजली भी काट दी गई। मेयर फारूक ओजलू ने कहा कि अभी तक किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं हैं लेकिन अधिकारी संभावित नुकसान का आकलन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि तुर्की के शहर दूजहे में वर्ष 1999 में एक शक्तिशाली भूकंप आया था। इसमें लगभग 800 लोगों की जान चली गई थी।



# इंडोनेशिया में भूकंप से 252 की मौत, सात हजार से ज्यादा बेघर

**जकार्ता।** इंडोनेशिया पश्चिमी जावा प्रांत में आए भूकंप में मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब तक 252 लोगों की मौत हो चुकी है। सात हजार से ज्यादा लोग बेघर हो चुके हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडोनेशिया में भूकंप से हुई तबाही को लेकर दुख जताया है।

इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में रिक्टर पैमाने पर 5.6 तीव्रता वाला भूकंप आया था। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार भूकंप पश्चिम जावा प्रांत के सियानजुर क्षेत्र में 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई पर केंद्रित था। भूकंप के झटके ग्रेटर जकार्ता इलाके में भी महसूस किए गए। राजधानी जकार्ता में ऊंचाई पर स्थित कई आवास ध्वस्त हो गए हैं। पश्चिमी जावा के गवर्नर रिदवान कामिल के मुताबिक भूकंप का केंद्र राष्ट्रीय राजधानी जकार्ता से दक्षिण पूर्व 75 किलोमीटर दूर सियांजुर शहर था। उन्होंने पहले आपदा में 162 लोगों के मरने की पुष्टि की थी, किन्तु अब यह संख्या बढ़कर 252 पहुंच चुकी है। अधिकारियों के मुताबिक यह संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि 31 लोग अब भी लापता हैं। भूकंप इतना भयावह था कि सात हजार से अधिक लोग बेघर हो चुके हैं। तीन सौ से अधिक घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। भूकंप में सात सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं। उनमें से गंभीर रूप से घायल 377 लोगों का इलाज अस्पतालों में चल रहा है। राहत एजेंसियां बचाव कार्यों में जुटी हैं और पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं। सियानजुर के एक अधिकारी हरमन सुहेरमैन ने बताया कि पूरे क्षेत्र में बिजली गुल हो गई है और संचार माध्यम भी काम नहीं कर रहे हैं। राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण एजेंसी ने कहा कि एक इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल, एक अस्पताल और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं सहित दर्जनों सरकारी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस भूकंप से दुखी हैं।



उन्होंने ट्वीट किया कि इंडोनेशिया में भूकंप से जान-माल के नुकसान की खबर सुनकर बेहद दुख हुआ। पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में भारत इंडोनेशिया के साथ खड़ा है।

# ईडी ने हैदराबाद की एक कंपनी के 16 करोड़ की एफडी की जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हैदराबाद स्थित अल्फाजियो (इंडिया) लिमिटेड कंपनी की 16 करोड़ रुपये की सावधि जमा (एफडी) को जब्त कर लिया है। ईडी ने यह जानकारी दी है। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि देश और विदेश में तेल खोज कंपनियों को भूकंपीय सर्वेक्षण सेवाएं मुहैया कराने वाली अल्फाजियो (इंडिया) लिमिटेड की 16 करोड़ रुपये की सावधि जमा (एफडी) जब्त की गई है। ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन के लिए यह कार्रवाई की है। ईडी के मुताबिक अल्फाजियो ने फेमा के प्रावधानों का उल्लंघन कर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कुछ धन स्थानांतरित किया था।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# अर्जेंटीना पर जीत के बाद जश्न में डूबा सऊदी अरब, सरकार ने किया छुट्टी का ऐलान

**रियाद।** सऊदी अरब ने फीफा वर्ल्ड कप के तीसरे दिन बड़ा उलटफेर करते हुए अर्जेंटीना को 2-1 से हरा दिया है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे सऊदी अरब में जश्न का माहौल है। सऊदी अरब सरकार ने इस जीत की खुशी को दोगुना करते हुए नागरिकों के लिए पूरे देश में छुट्टी का ऐलान कर दिया है। टीम की इस ऐतिहासिक जीत पर सऊदी अरब में किंग सलमान ने एक दिन की छुट्टी की घोषणा कर दी है।

सऊदी अरब में 23 नवंबर को इस जीत की खुशी में छुट्टी रहेगी। ये छुट्टी, सरकारी और निजी के सभी कर्मचारियों के साथ साथ सभी छात्रों को दी गई है।

बता दें कि अर्जेंटीना की टीम पिछले 36 मैचों से अजेय थी, लेकिन इस मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना की टीम इस मैच में पहले हाफ के बाद 1-0 से आगे थी, लेकिन लेकिन दूसरे आफ में सऊदी अरब ने काफी शानदार खेल दिखाया। सऊदी अरब की ओर से सालेह अलशेहरी ने 48वें मिनट में गोल कर मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला खड़ा किया। वहीं, 53वें मिनट में ही सऊदी अरब की टीम ने ये बढ़त दोगुनी कर ली। सालेम अलडसारी ने टीम के लिए दूसरा गोल



कर 2-1 की बढ़त दिलाई. इस बढ़त के बाद सऊदी अरब ने कोई भी गोल ना खाते हुए मैच अपने नाम किया।सऊदी अरब की टीम ने इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही नॉकआउट दौर में पहुंचने के लिए अपनी उम्मीदों को बढ़ा दिया है। सऊदी अरब फीफा वर्ल्ड कप के ग्रुप-सी में है. इस ग्रुप में उनके अलावा मेक्सिको और पोलैंड की टीमें हैं। अगर सऊदी अरब इन दोनों टीमों में से किसी एक को भी हरा देती है तो वह नॉकआउट दौर पर पहुंचने की बड़ी दावेदार बन जाएगी। सऊदी अरब की जी त के बाद टीम के प्रशंसक काफी उत्साहि त दिखे। एक प्रशंसक ने कहा कि ऊपर वाले का शुक्र है, खिलाड़ी काफी उत्साहित थे और उन्होंने अर्जेंटीना को हरा दिया। वे एक खिला ड़ी पर भरोसा कर रहे थे,थे हमने एक टीम के रूप में प्रति स्पर्धा की और हमने उन्हें हरा दिया , हम काफी खुश हैं।

सऊदी अरब की राजधानी रियाद से कतर की यात्रा करने वा ले एक प्रशंसक फहद अल-कनानी ने कहा कि उस दूसरे गोल के बाद मुझे लगा कि हम 4-1 से जी त सकते हैं। मैं अपने कुछ दोस्तों की तरह चिंतित नहीं था। हमें केवल बचाव करना था। सारा दबाव अर्जेंटीना पर था। सऊदी अरब की जीत के हीरो सालेह अलशेहरी और सलेम अल-दावसारी रहे, जिन्हों ने एक-एक गोल दागे। अर्जेंटी ना की ओर से मैच में इकलौता गोल कप्तान लियोनेल मेसी ने किया।

# तलवार से सिर काट रहा सऊदी अरब, 10 दिन में 12 लोगों को दी खौफनाक सजा

**सऊदी अरब ।** सऊदी अरब ने दो साल के अंतराल के बाद ड्रग अपराधों के लिए 10 दिनों में 12 लोगों को मौत की सजा दे दी है। लेकिन सजा ऐसी कि सुनकर दिल दहल जाए। दरअसल, दुष्कर्म और नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में पकड़े गए 12 लोगों के सिर सरे आम तलवार से काट दिए गए। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार जिन लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी और इसमें तीन पाकिस्तानी, चार सीरियाई, दो जॉर्डन और तीन सउदी शामिल थे। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा पहले इस तरह की सजाओं को कम करने का वादा के बावजूद देश में इस तरह की क्रूरतम सजा दी जा रही है। एक रिकॉर्ड के मुताबिक केवल इस साल 132 लोगों को इस तरह की खौफनाक मौच दी गई है जो कि 2020 और 2021 के संयुक्त रूप से आए मामलों से भी अधिक है।



मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2018 में मोहम्मद बिन सलमान ने इस तरह की क्रूर सजा पर रोक लगाने की बात कही थी। प्रिंस ने केवल हत्या के मामले में मृत्युदंड देने की बात कही थी। अहिंसा वाले मामले यानी चोरी, डकैती, तस्करी जैसे मामलों में मौत की सजा हटाने की बात कही थी। इसके बाद साल 2020 में भी सऊदी अरब द्वारा जमाल खशोगी की हत्या के बाद मौत की सजा को समाप्त करने के लिए कानून में बदलाव के प्रस्ताव के बाद अहिंसक अपराध पर नरमी के और संकेत मिले थे। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। सऊदी अधिकारियों ने बड़ी संख्या में और गुप्त रूप से ड्रग अपराधियों को फिर से सिर तन से जुदा वाली सजा दे रहे हैं।